Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 220 | सोमवार , 11 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## मोहन भागवत का बड़ा बयान बोले- ये बिजनेस बन गया है

# आम लोगों की पहुंच से बाहर स्वास्थ्य और शिक्षा



**इंदौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने इंदौर में गुरुजी सेवा न्यास के कैंसर केयर रिसर्च सेंटर का शुभारंभ करते स्वास्थ्य और शिक्षा के व्यवसायीकरण पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा समाज की मूलभूत आवश्यकताएं हैं, लेकिन दुर्भाग्यवश ये अब सामान्य लोगों की पहुंच से बाहर हो गई हैं। पहले शिक्षा को एक कर्तव्य माना जाता था, लेकिन अब यह एक व्यवसाय बन गई है। डॉ. भागवत ने पश्चिमी देशों के दृष्टिकोण की आलोचना करते कहा कि वहां केवल सशक्त लोग ही जीवित रह सकते हैं, जबकि भारतीय संस्कृति का मानना है कि सशक्त लोग सभी को जीवन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज का सुख व्यक्ति के सुख से जुड़ा है। उन्होंने विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों का उल्लेख करते कहा कि नेचुरोपैथी और होम्योपैथी जैसी पद्धतियां मरीजों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुसार उपचार करती हैं। कोई एक पद्धति सर्वश्रेष्ठ नहीं हो सकती, बल्कि मनुष्य की विविधता के अनुसार उपचार होना चाहिए। इससे पहले, डॉ. भागवत ने मालवा प्रांत की सद्भाव बैठक में भी विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को केवल उपभोग की वस्तु मानने वाले विचारों ने यूरोप को ध्वस्त कर दिया है और अब ये विचार भारत की पारिवारिक व्यवस्था को भी कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड में 2021 में आयोजित डिस्मेंटलिंग हिंदुत्व सेमिनार का उल्लेख करते कहा कि यह विचारधारा समाज को तोड़ने का कार्य कर रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत के बाजार पर कब्जा करना है।

## शर्मनाक: पाकिस्तान में हिंदू बच्चों को जबरन धर्मांतरण का बना रहे शिकार

**इस्लामाबाद।** एनसीआरसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि अल्पसंख्यक समुदायों की बच्चियों का अपहरण करके उनका जबरन धर्म परिवर्तन कर दिया जाता है और उनकी बड़ी उम्र के मुस्लिम पुरुषों के साथ जबन शादी करा दी जाती है। ऐसी घटनाएं एक-दो नहीं होतीं, बल्कि यह एक निरंतर प्रथा बन गई है। पाकिस्तान में हिंदू समेत अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के बच्चों को जबरन धर्मांतरण का शिकार बनाया जा रहा है। मासूमों का व्यवस्थित व संस्थागत तरीके से शोषण किया जा रहा है। धर्मांतरण के लिए दबाव बनाया जाता है और ऐसा नहीं करने पर उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। इसका खुलासा पाकिस्तान के ही राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग (एनसीआरसी) की हालिया रिपोर्ट में हुआ है। एनसीआरसी की एक नई रिपोर्ट ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यक बच्चों, खासकर ईसाइयों व हिंदुओं के साथ व्याप्त गहरे तथा व्यापक भेदभाव को उजागर किया है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक धर्मों के बच्चों की स्थिति का विश्लेषण शीर्षक यह रिपोर्ट व्यवस्थागत पूर्वाग्रह, संस्थागत उपेक्षा और लक्षित दुर्व्यवहार की एक गंभीर तस्वीर पेश करती है।


## || सार संक्षेप

### सांसदों को लेकर जा रहे प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग...



**नई दिल्ली।** तिरुवनंतपुरम से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट के चालक दल की सांसें उस समय फूल गईं, जब बीच हवा में प्लेन में तकनीकी दिक्कत आ गई। आनन-फानन में विमान को लैंड कराने का फैसला किया गया। सबसे नजदीकी एयरपोर्ट चेन्नई का था। लिहाजा पायलट ने प्लेन को चेन्नई की ओर मोड़ दिया और चेन्नई एयरपोर्ट पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरलाइन ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए माफी मांगी है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, '10 अगस्त को तिरुवनंतपुरम से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट संख्या अक2455 के चालक दल ने संदिग्ध तकनीकी समस्या का सामनना किया। तकनीकी समस्या और रास्ते में खराब मौसम के कारण एहतियातन चेन्नई की ओर रुख किया गया।'

### पेट्रोल पंप लाइसेंसिंग होगी और आसान, प्राइवेट कंपनियों को मिलेगा बड़ा मौका



**नई दिल्ली।** दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते ईंधन बाजार का लाभ उठाने के लिए सरकार पेट्रोल पंप लाइसेंसग को आसान बनाने पर विचार कर रही है। इसके लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक विशेषज्ञ समिती का गठन किया है, जो 2019 के प्रविधानों की समीक्षा करके आगे की रणनीति तय करेगी।

मंत्रालय की तरफ से गठित चार सदस्यी समिति में बीपीसीएल के पूर्व निदेशक सुखमल जैन अध्यक्षता करेंगे। इसके अलावा पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल के महानिदेशक पी मनोज कुमार, एफआइपीआइ सदस्य पीएस रवि और मंत्रालय में निदेशक मार्केटिंग अरुण कुमार शामिल होंगे। इससे पहले 2019 में गैर तेल कंपनियों के लिए फुटकर ईंधन कारोबार में प्रवेश की अनुमति देने के लिए सरकार ने नियमों में छूट दी थी। उस दौरान 250 करोड़ की नेटवर्थ वाली कंपनियों को पेट्रोल और डीजल बेचने की अनुमति दी गई थी। इसके साथ-साथ शर्त ये थी कि ये कंपनियां कम से कम एक नई पीढ़ी के वैकल्पिक ईंधन, जैसे सीएनजी, एलएनजी, बायोफ्यूल या ईवी चार्जिंग जैसी सुविधा के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करेंगी। इसके लिए संचालन शुरू करने से लेकर तीन साल का समय तय किया गया था।

## केदारनाथ हाईवे... जवाड़ी बाईपास पर भारी भूस्खलन



**रुद्रप्रयाग।** राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण खंड लोनिवि रुद्रप्रयाग के अधिशासी अभियंता ओंकार पांडे ने बताया कि मलबा साफ करने में चार से पांच दिन लग सकते हैं। ऋषिकेश-बदरीनाथ और रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे को जोड़ने वाले रैंतोली-जवाड़ी बाईपास पर भारी भूस्खलन से टनों मलबा जमा हो गया है, जिस कारण दो तरफा यातायात को रोक दिया गया है। मलबे से सड़क को भी नुकसान पहुंचने की संभावना है। एनएच के अनुसार मलबा साफ करने में चार से पांच दिन लग सकते हैं। शनिवार को शाम करीब सात बजे रैंतोली-जवाड़ी बाईपास पर जगतोली से करीब एक किमी आगे पहाड़ी से भारी भूस्खलन हो गया, जिससे टनों मलबा पेड़-पौधों सहित हाईवे पर आ गिरा।

## 'जल्द हो सकता है अगला युद्ध' :सेना प्रमुख




**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर बस शुरूआत है। हम गति और परिवर्तन के युग में जी रहे हैं। यह बदलाव का युग है। और अगर ऐसा है, तो शांति बनाए रखने के लिए साथ मिलकर आगे बढ़ना आज की जरूरत है। चाहे इसे शक्ति, तालमेल और संप्रभुता के जरिये ही क्यों न लागू किया जाए। उन्होंने विस्तार से बताए बिना कहा कि अगला युद्ध जल्द हो सकता है। हमें उसके अनुसार तैयारी करनी होगी। हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी होगी। अकेले सेना इसे नहीं लड़ेगी। अगर मैं अपने नजरिये से इसे देखूं, तो भारत ढाई मोर्चों का सामना कर रहा है। अगर देश की जमीनी सीमाओं की बात करें तो जनता की मानसिकता के मद्देनजर जीत का मतलब जमीनी बना रहेगा। सेना प्रमुख ने चार अगस्त को आईआईटी-मद्रास में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उनके संबोधन का वीडियो सेना ने रविवार को साझा किया। सेना प्रमुख ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक संपूर्ण राष्ट्र का दृष्टिकोण था। सेना को यह तय करने की खुली छूट दी गई थी कि क्या करना है। इस तरह का आत्मविश्वास, राजनीतिक स्पष्टता, राजनीतिक दिशा हमने पहली बार देखी। प्रतिबंधों की कोई शर्त न होने से सेना का मनोबल बढ़ता है। इस तरह इसने जमीनी स्तर पर सेना के कमांडरों को अपनी समझ के अनुसार कार्य करने में मदद की। ऑपरेशन के बारे में और जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को हमने उत्तरी कमान का दौरा किया, जहां हमने सोचा, योजना बनाई, उसकी संकल्पना की और नौ में से सात ठिकानों पर अपनी योजना को अंजाम दिया। इन ठिकानों को नष्ट कर दिया गया और कई आतंकवादी मारे गए।

### पाकिस्तान को भी उम्मीद नहीं थी

आतंकी शिविरों पर सटीक हमलों के बारे में उन्होंने कहा कि हमने जहां हमला किया, वह व्यापक और गहरा था। पहली बार हमने आतंकवादियों के वास्तविक ठिकानों पर हमला किया। निश्चित रूप से हमारे निशाने पर आतंकी और उनके सरगना थे। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। पाकिस्तान को भी उम्मीद नहीं थी कि इस तरह का हमला होगा।

## विचार साझा करने के लिए कई विशेषज्ञ होंगे शामिल

# एक देश एक चुनाव पर जेपीसी की बैठक आज



**नई दिल्ली।** एक देश एक चुनाव विधेयक पर चर्चा करने के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की आज बैठक होगी। इस बैठक में अपने विचार साझा करने के लिए विशेषज्ञों के एक पैनल को आमंत्रित किया गया है। यह बैठक पूरे देश में लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की संभावनाएं और चुनौतियां पर केंद्रित रहेगी। एक देश एक चुनाव विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की आज संसदीय सौध के मुख्य समिति कक्ष (एमसीआर) में बैठक होगी। यह बैठक दोपहर तीन बजे शुरू होगी। इसमें विशेषज्ञों के एक पैनल से बातचीत की जाएगी। जिन विशेषज्ञों को अपने विचार साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया है, उनमें दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस के प्रो. जी गोपाल रेड्डी, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की प्रो. सुषमा यादव, पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे, राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद की प्रो. शीला राय, और गुवाहाटी विश्वविद्यालय के प्रो. ननी गोपाल महंत शामिल हैं। बैठक के दौरान पूरे देश में लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की संभावनाएं और चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा, जेपीसी 19 अगस्त को इस मुद्दे पर भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना से भी बात करेगी। इससे पहले, जेपीसी की बैठक 30 जुलाई को हुई थी, जिसमें पूर्व राज्यसभा सदस्य और भारत के पंद्रहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह और अशोका विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र की प्रोफेसर डॉ. प्राची मिश्रा ने एक प्रस्तुति दी थी।

इस दौरान उन्होंने एक साथ चुनाव कराने के आर्थिक लाभों पर प्रकाश डाला था। इनमें उच्च वास्तविक जीडीपी वृद्धि, चुनाव के बाद उच्च राजकोषीय घाटा, अधिक पूंजीगत व्यय, उच्च निवेश अनुपात, आर्थिक गतिविधि में व्यवधान, प्रवासी श्रमिकों पर प्रभाव, निम्न प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन, अपराध दर में वृद्धि, बार–बार आदर्श आचार संहिता, 1986 से हर साल चुनाव, लोकलुभावन वादों का फैलाव, मुफ्त उपहार और लोकलुभावनवाद में वृद्धि और कृषि नीति की निश्चितता पर प्रभाव शामिल हैं।

## राहुल गांधी की मतदाता सूची को आयोग ने बताया भ्रामक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग ने सख्त रुख दोहराया है। आयोग ने कहा है कि राहुल गांधी या तो समय रहते इस मामले में एक घोषणा पत्र दें या फिर अपने आरोपों के लिए देश से माफी मांगें। भारत के चुनाव आयोग ने रविवार को कांग्रेस राहुल गांधी की तरफ से जारी उस मतदाता सूची को पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया है, जिसमें 30,000 मतदाताओं के पते फर्जी होने का दावा किया है।

## हिमाचल से कर्नाटक और पश्चिमी यूपी से मिजोरम तक बारिश



**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में कई स्थानों पर अगले सात दिन भारी बारिश की संभावना जताई है। 13 अगस्त उत्तराखंड में कुछ स्थानों पर 21 सेमी तक वर्षा हो सकती है। पूर्व मध्य भारत और उससे सटे उत्तरी प्रायद्वीपीय भारत में बारिश होने की संभावना है। मानसूनी बारिश से उत्तराखंड के साथ ही देश के अन्य भागों में भी हलचल मची है। हिमाचल प्रदेश पर शनिवार को मूसलाधार बारिश के बीच पहाड़ से पत्थर गिरने से एक श्रद्धालु की मौत हो गई। किन्नौर कैलाश यात्रा गए एक श्रद्धालु का शव भी मिला है। पहाड़ से मलबा आने से नालागढ़ के कुमारहट्टी के समीप एक कृत्रिम झील बन गई है, जो कभी भी बड़े खतरे का कारण बन सकती है। खासतौर पर यह देखते हुए कि मौसम विभाग ने हिमाचल और उत्तराखंड से लेकर देश के अन्य भागों में अगले पांच से सात दिन भारी बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने तेलंगाना में 17 अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कुछ जिलों में 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं। शनिवार की रात को हैदराबाद में भारी बारिश हुई। रविवार को भी कई जिलों में मूसलाधार बारिश दर्ज की गई।

## 26 अगस्त को नेवी में एक साथ शामिल होंगे दो युद्धपोत



उदयगिरी और हिमगिरी स्टेल्थ फ्रिगेट्स का हिस्सा

**नई दिल्ली।** युद्धपोत उदयगिरी और हिमगिरी 26 अगस्त को विशाखापत्तनम में एक साथ नौसेना में शामिल होंगे। ये युद्धपोत प्रोजेक्ट 17ए के स्टेल्थ फ्रिगेट्स का हिस्सा हैं। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि नौसेना 26 अगस्त को दो अग्रिम पंक्ति के युद्धपोतों- उदयगिरि (एफ35) और हिमगिरि (एफ34) को एक साथ नौसेना में शामिल करने की तैयारी कर रही है। यह पहली बार है जब दो प्रमुख युद्धपोतों को दो भारतीय शिपयार्ड से एक साथ विशाखापत्तनम में नौसेना में शामिल किया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि यह भारत के तेजी से बढ़ते नौसैनिक आधुनिकीकरण और विभिन्न शिपयार्डों से अत्याधुनिक युद्धपोतों की आपूर्ति करने की उसकी क्षमता को रेखांकित करता है। यह उपलब्धि रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहल की सफलता को दर्शाती है। हिमगिरी गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा निर्मित पी17ए युद्धपोतों में से पहला युद्धपोत है। मझगांव डाक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में निर्मित दूसरा युद्धपोत उदयगिरि एक जुलाई को नौसेना को सौंप दिया गया था। उदयगिरि नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया 100वां जहाज है।

## संपादक की कलम से

# किसान, कृषि सुप्रीम है

प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कहा है कि भारत अपने किसानों, डेयरीवालों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों से कभी भी समझौता नहीं करेगा। टैरिफ वॉर के दौरान प्रधानमंत्री का अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप को यह स्पष्ट संदेश है। बेशक टैरिफ के इस मजाक के कारण भारत के निर्यातकों को नुकसान हो सकता है। उनके लिए भी सरकार पैकेज देने और नये देशों के रास्ते तलाशने का काम कर रही है। दरअसल अमरीका मक्का, सोयाबीन, सेब, बादाम और इथेनॉल जैसे उत्पादों पर शुल्क कम करने के साथ–साथ अपने डेयरी उत्पादों को भारतीय बाजार में बेचने की मांग कर रहा है, लेकिन भारत ने लगातार इंकार किया है, क्योंकि इनका सीधा असर किसानों पर पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी इस कड़े रुख के लिए व्यक्तिगत रूप से भी भारी कीमत चुकाने को तैयार हैं। वह कीमत क्या हो सकती है? क्या वह अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं? जो नया प्रधानमंत्री आएगा, क्या वह इन अमरीकी मांगों पर समझौता कर सकता है? बेशक भारत ने उचित और तार्किक कदम उठाया है कि अमरीका के लिए कृषि, डेयरी, मछली आदि उद्योगों के बाजार नहीं खोले।



ललित शर्मा
संपादक

भारत लगातार इंकार करता रहा है। यही बुनियादी कारण है कि दोनों देशों के बीच व्यापार–समझौते की बात भी रुक गई है। अमरीका से जिस वातार्कार टीम का 25 अगस्त को भारत आना तय था, अब वह भी नहीं आएगी। भारत की 42 फीसदी आबादी खेती पर आश्रित है और 46 फीसदी कामगारों को रोजगार हासिल है। कुछ अंचल ऐसे हैं, जहां यह औसत 60 फीसदी से अधिक है। हालांकि जीडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान 20 फीसदी से भी कम है। भारत में ज्यादातर किसान छोटे और गरीब हैं। नाबार्ड की हालिया रपट बताती है कि खेतिहार परिवार की औसत आय 13,661 रुपए प्रति माह है। खेती से असल आय 4476 रुपए है। शेष आय मजदूरी जैसे अन्य कामों से ही नसीब हो पाती है। अमरीका की अत्यधिक और उच्च स्तर की मशीनीकृत खेती के सामने हमारे छोटे, गरीब किसान कहां ठहर सकते हैं। मोदी सरकार की यही सोच और दृष्टि रही है और हमारे वाणिज्य–उद्योग मंत्रालयों के वातार्कार साफ इंकार करते रहे हैं कि कृषि को अमरीका के लिए बिलकुल भी नहीं खोला जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी ने भी बार–बार कहा है कि हमारे लिए हमारे किसानों का कल्याण ही सुप्रीम है। हम इस मुद्दे पर सहमत नहीं हो सकते। दरअसल यह ऐसा समय है, जब भारत में किसानों का कल्याण संरक्षणवाद के परे भी होना चाहिए। सवाल उठाए जा सकते हैं कि प्रधानमंत्री किसानों की आय दोगुनी नहीं कर सके। अधिकतर किसान कर्जदार हैं। यह बेहद संवेदनशील और गंभीर सवाल है कि भारत सरकार और कई राज्य सरकारों ने किसानों के कर्ज माफ करने की घोषणाएं की हैं। यदि कर्ज माफ किए जाते रहे हैं, तो किसान कर्जदार क्यों है? बेशक अमरीका के साथ हमारा व्यापारिक मुद्दा है, लिहाजा उनका पक्ष मजबूती से लिया जाना चाहिए। अमरीका की मात्र 2 फीसदी आबादी ही खेतिहर है। जर्मनी, ब्रिटेन में मात्र 1 फीसदी और जापान में मात्र 3 फीसदी आबादी ही कृषि के भरोसे है। 1991 में चीन की 60 फीसदी और भारत की 63 फीसदी आबादी कृषि पर आश्रित थी, लेकिन चीन इसे नीचे ले आया और अब 22 फीसदी आबादी खेतिहर है, लेकिन भारत अब भी अफगानिस्तान (45 फीसदी), उत्तरी कोरिया (47 फीसदी) और म्यांमार (45 फीसदी) की जमात में शामिल है।

# राष्ट्रपति द्वय ट्रंप-पुतिन मुलाकात यूक्रेन संकट के शांतिपूर्ण समाधान पर चर्चा पर भारत की बल्ले बल्ले

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ में आज दो महा शक्तियों का नाम लिया जा रहा है,जो अमेरिका व रूस है। पूरी दुनियाँ में अनेक देशों के बीच अनबन व युद्ध का माहौल चल रहा है, तो दूसरी ओर अमेरिका के टैरिफ का आक्रोश भी छाया हुआ है। इस बीच एक तरह से विपरीत दिशाओं में एक दूसरे के कूटनीतिक विरोधी पूरक में खड़े दो महाशक्तियों की महामुलाकात एक टेबल पर बैठकर होना एक अचंभा व वैश्विक जीयो राजनीति के लिए भूचाल आने जैसा है। वैसे तो दोनों महाशक्तियाँ 15 अगस्त 2025 को यूक्रेन में युद्ध समाप्ति के मुद्दे पर बैठक कर रहीहै,परंतु मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि ट्रंप पुतिन के बीच अनऑफिशियली रूप से कुछ अन्य मुद्दों पर भी बात होने की संभावना है।एक तरफ से रूस से तेल खरीदने पर भारत पर अतिरिक्त 25 पर्सेंट टैरीफ तो दूसरी ओर नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त करने के लिए कुछ भी कर गुजरने का जज्बा रंग ला सकता है। अगर यह बैठक सफल हो जाती है तो इससे भारत को दूरगामी फायदा होगा यानें रूस से तेल पर 25 परसेंट का अतिरिक्त रद्द होना, दोनों महाशक्तियों के बीच संयुक्त राष्ट्र में न्यूट्रल होने का फायदा ट्रंप द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने की संभावना से मुक्ति सहित अनेक फायदे होने की संभावना है भारत के लिए सबसे बड़ी प्रतिष्ठा तो यह होंगी कि यदि ट्रंप-पुतिन बातचीत सफल होगी, तो भारत के दोनों से अच्छे संबंध है, दोनों के बीच कड़ी बन सकता है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ट्रंप पुतिन वार्ता सफल होने से भारत एक परिपक्व को आत्मनिर्भर व रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाने वाली वैश्विक शक्ति के रूप में उभरेगा जो दोनों महाशक्तियों के बीच संभवतः संतुलन स्थापित करेगा। साथियों बात अगर हम 15 अगस्त 2025 को ट्रंप-पुतिन की बैठक की सफलता पर भारत पर इसके सकारात्मक प्रभाव की करें तो,अमेरिका और रूस के बीच यह शिखर सम्मेलन वास्तव में 15 अगस्त 2025 को अलास्का में होने वाला एक द्विपक्षीय सम्मेलन है,जहाँ मुख्य विषय थमे हुए यूक्रेन-रूस संघर्ष को समाप्त करना है।इस बैठक की पुष्टि ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से की और रूस ने भी मस्को में अधिकारियों के माध्यम से सम्मेलन की पुष्टि की है। (1) वैश्विक तनावों में कमी और संवैधानिक चुप्पीः-यह बैठक, यदि सफल हुई, तो वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों में अलग ही कमी ला सकती है। यूक्रेन संकट के चलते रूस- पश्चिम में कायम तीव्र तनाव और उसके विस्तार से भारत की सुरक्षा और रणनीतिक स्थिति प्रभावित होती रही है।एक संभव रूप से स्थिर समझौता, संघर्ष की तीव्रता को कम कर सकता है, जिससे रूस पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों में ढील पाने की उम्मीद जगी है। इससे वैश्विक व्यापार व ऊर्जा बाजारों में स्थिरता आएगी, जिसका लाभ सोयल, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों में अपनी बाजार स्थिति मजबूत करना चाहने वाले भारत को अप्रत्यक्ष रूप से मिलेगा। (2) ऊर्जा सुरक्षा और विदेश नीति का लाभः-यदि इस बैठक से रूस पर से कुछ प्रतिबंध हटाए गए या वैश्विक ऊर्जा बाजार में रूस का स्थान सुदृढ़ हुआ, तो भारत जैसी ऊर्जा-आयातक अर्थव्यवस्था को सस्ते और अधिक विश्वसनीय ऊर्जा स्त्रोतों तक पहुंच बढ़ सकती है।




साथ ही, अमेरिका तथा रूस दोनों के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी मजबूत हो सकती है-यहां तक कि रूस से रक्षा और ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ने की भी संभावनाएं बन सकती हैं।(3) बहुपक्षीय मंचों पर भारत की भूमिकाः- अमेरिका और रूस के बीच समझौता होने पर भारत अपनी अपील और कूटनीतिक पहल को व्यापक रूप से उपयोग में ला सकता है। भारत पारंपरिक रूप से रूस और अमेरिका दोनों के साथ मजबूत संबंध रखना चाहता है–इस बैठक के सफल परिणामों से भारत को बढ़ी हुई कूटनीतिक संवाद क्षमता और मंच मिल सकता है, जहाँ वह दोनों महाशक्तियों के बीच पुल का काम करते हुए दक्षिण एशिया व वैश्विक सुरक्षा अस्मिताओं को संतुलित कर सकता है। (4) आर्थिक निवेश, प्रौद्योगिकी साझेदारी और परियोजनाएंः- यदि अमेरिका- रूस संबंध बेहतर हुए, तो यह वैश्विक आर्थिक माहौल को सकारात्मक रूप में प्रभावित करेगा, जिससे भारत को उच्च निवेश, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, उन्नत रक्षा साझेदारी और अरक्टिक क्षेत्र जैसे नये क्षेत्रों में अवसर मिल सकते हैं। रूस- अलास्का की निकटता और चर्चा में मौजूद आर्कटिकपरियोजनाओं में भारत की भू-रणनीतिक भागीदारी बढ़ सकती है।(5)भू- राजनीतिक संतुलन में बढ़तः-इस बैठक से यदि रूस और अमेरिका के बीच तनाव में कमी आती है और एक स्थायी समाधान की दिशा में कदम बढ़ता है, तो भारत एक बेहतर विश्व व्यवस्था में शांति और सहयोग को महत्व देने वाला खिलाड़ी बन सकता है। साथ ही, यूरोप में इस मुद्दे को लेकर यूरोपीय नेताओं की प्रतिक्रिया दशार्ती है कि यदि यूक्रेन को शामिल किये बिना फाइनल निर्णय लिए गए, तो रूस को एक तरह का लाभ मिल सकता है- भारत को इन सारे पहलुओं को भाँपकर अपने हितों के अनुरूप तटस्थ लेकिन सताक्षी शक्ति के रूप में उभरने का अवसर होगा। साथियों बात अगर हम ट्रंप- पुतिन की 15 अगस्त 2025 की बैठक से भू-राजनीति में भूचाल का करण बनने की करें तो, 15 अगस्त 2025 को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच होने वाली ऐतिहासिक बैठक ने वैश्विक कूटनीति में एक ऐसा मोड़ ला दिया है, जिसे दुनिया के कई हिस्सों में भू-राजनीतिक भूकंप कहा जा रहा है। यह बैठक सिर्फ अमेरिका- रूस संबंधों का मुद्दा नहीं है, बल्कि इसके पीछे बहुपक्षीय शक्ति-संतुलन,ऊर्जा राजनीति, सैन्य गठबंधनों, आर्थिक टैरिफ युद्ध और एशिया-यूरोप में रणनीतिक समीकरणों के पुनर्गठन जैसे गहरे कारण छिपे हैं। जिस समय दुनियाँ पहले से ही अमेरिकाझ्रचीन प्रतिद्वंद्विता, रूस-यूक्रेन युद्ध, मध्य पूर्व में अस्थिरता और वैश्विक मंदी के खतरे से जूझ रही है, ऐसे में वॉशिंगटन और मॉस्को का सीधा संवाद पुराने प्रतिद्वंद्वियों के समीकरणों को बदल सकता है।(1) यह बैठक इसलिए चौंकाने वाली है क्योंकि अमेरिका और रूस पिछले एक दशक से खुले टकराव में रहे हैं। 2014 में क्रीमिया के रूस में विलय के बाद से पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंधों की बौछार की थी, और यूक्रेन युद्ध ने उस दरार को और गहरा कर दिया था।



गोंदिया

ऐसे में ट्रंप का पुतिन से मिलना यह संकेत देता है किअमेरिका संभवत ःरूस के खिलाफ अपनी कठोर नीति मेंलचीलापन ला सकता है, या कम से कम एक वार्ता–आधारित रास्ता तलाशने को तैयार है। यह बदलाव न केवल नाटो जैसे सैन्य गठबंधन के लिए चुनौती है, बल्कि यूरोप के सुरक्षा ढांचे को भी अस्थिर कर सकता है, क्योंकि वहां अमेरिका की सख्ती पर भरोसा किया जाता रहा है।(2) दूसरा बड़ा कारण ऊर्जा राजनीति है। रूस दुनिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस आपूर्तिकर्ता और तेल निर्यातक है, जबकि अमेरिका ऊर्जा निर्यात में तेजी से उभर रहा है। दोनों देशों के बीच संभावित ऊर्जा सहयोग या सौदे का असर सीधा यूरोप, एशिया और मध्य पूर्व पर पड़ेगा। यूरोप लंबे समय से रूसी गैस पर निर्भर है, लेकिन अमेरिका उसे एलएनजी के जरिए विकल्प देने की कोशिश कर रहा है। अगर ट्रंप और पुतिन ऊर्जा बाजार में कोई समझौता करते हैं, तो यह ओपेक+ देशों, यूरोपीय ऊर्जा सुरक्षा और यहां तक कि भारत–चीन जैसे बड़े उपभोक्ताओं के लिए भी नई रणनीतियां तय करेगा।(3) तीस रापहलू है चीन का समीकरण। रूस ः–चीन नजदीकी हाल के वर्षों में अमेरिका की सबसे बड़ी रणनीतिक चुनौती बन चुकी है। अगर ट्रंपझ्रपुतिन बैठक में रूस को चीन से दूरी बनाने के लिए आर्थिक, सैन्य या राजनीतिक प्रलोभन दिए जाते हैं, तो यह बीजिंग के लिए सीधा झटका होगा। चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव और एशिया–यूरोप व्यापार मार्गों में रूस एक महत्वपूर्ण भौगोलिक और सामरिक भूमिका निभाता है। अगर यह धुरी टूटती है, तो एशिया में शक्ति संतुलन बदल जाएगा और भारत जैसे देशों को भी नई कूटनीतिक संभावनाएं मिलेंगी।(4) चौथा कारण है वैश्विक सैन्य संतुलन। अमेरिका और रूस दुनिया के सबसे बड़े परमाणु हथियार भंडार रखते हैं। पिछले कुछ वर्षों में न्यू स्टार्ट जैसे हथियार नियंत्रण समझौते खतरे में थे, लेकिन अगर 15 अगस्त की बैठक में इन पर सहमति बनती है या नए रक्षा संवाद की शुरूआत होती है, तो यह एशिया– प्रशांत और यूरोप दोनों में तनाव कम कर सकता है। इसके विपरीत, अगर वार्ता असफल होती है, तो नए हथियारों की होड़ शुरू हो सकती है, जिससे मध्य पूर्व, कोरियाई प्रायद्वीप और आर्कटिक क्षेत्र में भी सैन्य दबाव बढ़ेगा। पहलू आर्थिक टैरिफ और प्रतिबंध राजनीति से जुड़ा है। ट्रंप पहले भी चीन और यूरोपीय संघ पर भारी टैरिफ लगा चुके हैं, और रूस पर अमेरिका के प्रतिबंध पश्चिमी नीतियों का अहम हिस्सा रहे हैं। अगर पुतिन के साथ बैठक के बाद ट्रंप रूस पर लगे कुछ प्रतिबंध हटाते हैं, तो यह यूरोप के लिए बड़ा झटका होगा, क्योंकि उसकी एकजुटता अमेरिकी दबाव पर टिकी रही है। साथ ही, यह कदम भारत और अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं को रूस के साथ व्यापार बढ़ाने का अवसर देगा, जिससे डॉलर– आधारित व्यापार प्रणाली को चुनौती मिल सकती है।(6)छठा कारण है मध्य पूर्व और अफ्रीका में प्रभाव का टकराव। रूस सीरिया, लीबिया और सूडान जैसे क्षेत्रों में सक्रिय है, जबकि अमेरिका लंबे समय से वहां अपनी मौजूदगी बनाए हुए है। अगर दोनों देशों के बीच इन क्षेत्रों में प्रभाव–क्षेत्र बांटने की अनौपचारिक सहमति बनती है, तो ईरान, तुर्की, सऊदी अरब और इजराइल जैसे देशों की नीतियों में भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। यह बदलाव आतंकवाद विरोधी सहयोग से लेकर तेल कीमतों तक हर क्षेत्र को प्रभावित करेगा।(7) सातवां और शायद सबसे संवेदनशील मुद्दा है भारत की भूमिका। भारत अमेरिका और रूस दोनों के साथ मजबूत संबंध रखता है–रक्षा सौदों में रूस उसका पारंपरिक साझेदार है, जबकि अमेरिका उसके लिए रणनीतिक और तकनीकी सहयोगी है। अगर ट्रंप–पुतिन बैठक में भारत को अप्रत्यक्ष रूप से कोई मध्यस्थता या विशेष ऊर्जा/रक्षा सौदे का लाभ मिलता है, तो यह भारत की अंतरराष्ट्रीय स्थिति को मजबूत करेगा। इसके विपरीत, अगर इस बैठक का मकसद रूस–चीन धुरी को तोड़ना है, तो भारत को अपने पड़ोसी चीन के साथ नई कूटनीति बनानी पड़ सकती है।(8) आठवां कारण वैश्विक व्यवस्था में शक्ति– ध्रुवीकरण का है। पिछले दशक में दुनिया एक मल्टीपोलर (बहुध्रुवीय) व्यवस्था की ओर बढ़ रही थी, जिसमें अमेरिका का प्रभुत्व चुनौती के घेरे में था।

## संजीव ठाकुर

### के मौसम सदाबहार हो जाए

कविता



ये पल गर खुशगवार हो जाए
हमें जिंदगी से प्यार हो जाए।

कभी ऐसा गुनाह ना हो प्रभु
जिंदगी मेरी दागदार हो जाए।

दोस्तों गले लगाओ जरा हमें
के मौसम सदाबहार हो जाए।

कुछ यादें सुकून देती हैं बहुत
दिल में जन गण सवार हो जाए।

हम तो कभी सोचते नहीं ऐसा,
किस तरह दो के चार हो जाएं।

हम कविता ही ऐसी करते हैं संजीव
दुश्मनों को भी हमसे प्यार हो जाए।

# हरियाणा में टीचर ट्रांसफर

# सरकारी सिस्टम का अमर रोग



डॉ. सत्यवान सौरभ

*नई सरकारें पुराने इलाज को नए नाम से बेचती रहेंगी, और मरीज—यानि शिक्षक—दिन–ब–दिन कमजोर होता जाएगा। शिक्षक का पद सम्मानित है, लेकिन यह सम्मान सिर्फ मंच पर भाषणों में नहीं, उनके जीवन में भी दिखना चाहिए। जब शिक्षक घर लौटकर अपने बच्चों के साथ खाना खा सके, बीमार माता–पिता की सेवा कर सके, या जीवनसाथी का हाथ पकड़कर मुश्किल वक्त में खड़ा रह सके, तभी शिक्षा का असली मूल्य बनेगा। वरना, हम बस आंकड़ों में शिक्षक संतुष्टि लिखते रहेंगे, और हकीकत में वे भीतर से खाली होते जाएंगे। सरकार को अब सिर्फ नीति नहीं, नीयत भी बदलनी होगी। सिस्टम को यह मानना होगा कि शिक्षक कोई संसाधन नहीं, बल्कि समाज की आत्मा हैं। और जब आत्मा को रोज–रोज थकाकर, तोड़कर, दूर रखकर जिंदा रखने की कोशिश की जाती है, तो न समाज बचता है, न शिक्षा। तकनीकी गड़बड़ियों और बहानों की यह पुरानी आदत खत्म होनी चाहिए। हरियाणा की ट्रांसफर व्यवस्था उस पुराने हैंडपंप जैसी है, जो कभी पानी देता है, कभी नहीं। जब पानी आता है, लोग कहते हैं—देखो, काम कर रहा है। और जब नहीं आता, तो कहते हैं—पाइपलाइन ठीक हो रही है, इंतजार करो। सवाल है—कब तक शिक्षक अपनी जिंदगी इस सूखी पाइपलाइन के भरोसे गुजारेंगे? ट्रांसफर में देरी कोई तकनीकी गलती नहीं—यह संवेदनशीलता की कमी है। जब तक सरकार यह नहीं समझेगी कि शिक्षक भी इंसान है, तब तक यह रोग अमर रहेगा।*

जब एक शिक्षक रोज 150 किलोमीटर सफर करता है, तो वह सिर्फ सड़क नहीं नापता—वह अपनी उम्र, अपने रिश्ते और अपने सपनों को भी नापता है। हरियाणा की ट्रांसफर व्यवस्था वैसी ही है जैसे किसी घर में पुराना अलार्म घड़ी—जो साल में एक-दो बार सही बज जाती है, बाकी समय बस टिक-टिक करती रहती है। फर्क बस इतना है कि यहां गलती से भी अलार्म बज जाए, तो सरकार चौंककर कहती है—अरे! यह तो अपने आप हो गया, अगली बार ध्यान रखेंगे कि जल्दी न हो। हरियाणा में शिक्षक ट्रांसफर एक ऐसी बीमारी बन चुका है, जिसका कोई इलाज सरकार के पास नहीं, और शायद खोजने की कोशिश भी नहीं। यह बीमारी केवल प्रशासनिक फाइलों में नहीं, बल्कि हजारों शिक्षकों के दिलों, दिमाग और घरों में पसरी हुई है। बीते नौ साल से इसका लक्षण एक ही है—वादा, तारीख, बहाना, फिर नई तारीख, और फिर एक और बहाना। सरकारें आती-जाती रहीं, चेहरों पर बदलाव होता रहा, पर इस बीमारी की आदत नहीं बदली। सरकार के लिए यह सिर्फ एक प्रक्रिया है—कंप्यूटर के एमआईएस पोर्टल पर एक क्लिक, किसी फाइल को एक टेबल से दूसरी टेबल पर रखना। लेकिन एक शिक्षक के लिए ट्रांसफर का मतलब है—हर दिन 80-150 किलोमीटर का सफर खत्म होना, बीमार माता-पिता के पास लौटना, बच्चों की हंसी सुनना, या बीमार जीवनसाथी का हाथ पकड़ना। यह उसकी जीवन की दिशा तय कर सकता है, लेकिन सरकारी दृष्टि में यह बस एक पेंडिंग केस है, जो किसी दिन निपटा दिया जाएगा। इस बीमारी का इलाज ढूंढने की जगह सरकार ने बहानों की एक स्थायी दुकान खोल रखी है। कभी एमआईएस पोर्टल में गड़बड़ी, कभी डेटा में विसंगति, कभी प्रक्रिया स्थगित, कभी चुनाव आचार संहिता, कभी मिड-सेशन का बहाना, तो कभी मॉडल संस्कृति स्कूलों के टेस्ट—और फिर उन्हें भूल जाना। बहानों की यह लिस्ट इतनी लंबी हो चुकी है कि अब कोई नया बहाना खोजने की भी जरूरत नहीं पड़ती—पुराने बहाने ही नए पैक में पेश कर दिए जाते हैं, जैसे पुराने अनाज में नया लेबल चिपका देना। पिछले दिसंबर में नई सरकार आई तो शिक्षकों में उम्मीद की लौ जली। कहा गया—कुछ हफ्तों में ट्रांसफर हो जाएंगे। शिक्षकों ने राहत की सांस ली। मार्च आया—थोड़ा इंतजार करें। मई—अब जल्दी करेंगे। जून, जुलाई, अगस्त—हर बार नया वादा, वही बहाना। नई सरकार ने पुराने बहाने ही नए पैकेजिंग में बेच दिए। बस डायलॉग बदल गए, नीयत वही रही। शायद सरकार के अफसर मानते हैं कि रोज 80150 किलोमीटर का सफर करने वाले शिक्षक किसी फिटनेस मिशन का हिस्सा हैं। सुबह 5 बजे घर से निकलना, बीएलओ ड्यूटी, पीपीपी अपडेट, मिड-डे मील का हिसाब, एक साथ तीन कक्षाओं को पढ़ाना—सरकार की नजर में यह वर्कआउट है। यह अलग बात है कि इस वर्कआउट में शिक्षक की कमर और घुटने पहले जवाब दे देते हैं, फिर मन और आत्मा। घर अब रविवार का ठिकाना बन चुका है। बच्चों की हंसी, माँ की दवाई, घर की छोटी-बड़ी जिम्मेदारियां—सब सिर्फ सोच में रह जाती हैं। जब शिक्षक खुद अपने बच्चों से दूर रहकर दूसरों के बच्चों को पढ़ाता है, तो यह त्याग है या मजबूरी? सरकार इसे त्याग कहकर अपनी पीठ थपथपा लेती है, लेकिन यह सच में किसी का दिल तोड़ने वाला मजबूरी का जीवन है। संवेदनशीलता किस मंत्रालय के अधीन आती है, शायद किसी को याद नहीं। सरकारी फाइलों में ट्रांसफर बस एक डेटा कॉलम का बदलाव है, लेकिन असल में यह किसी इंसान की मानसिक शांति, पारिवारिक स्थिरता और पेशेवर प्रदर्शन का आधार है। लेकिन इन बातों का कोई कॉलम एमआईएस पोर्टल पर नहीं होता, इसलिए इनकी कोई अहमियत भी नहीं। सरकारी जवाब हमेशा तय होता है—जल्दी होंगे, सिस्टम पर काम चल रहा है। यह वही जल्दी है जिसमें 9 महीने में बच्चा पैदा हो जाता है, पर ट्रांसफर का फाइल पोर्टल से बाहर नहीं निकलता। सच तो यह है कि ट्रांसफर का बटन तभी दबता है, जब राजनीति को उसका फायदा हो। चुनाव नजदीक आएं या किसी खास वोट बैंक को खुश करना हो, तभी प्रक्रिया अचानक तेज हो जाती है। बाकी समय, तकनीकी कारणों के ताले में शिक्षक की जिंदगी कैद रहती है। यह समझना होगा कि शिक्षक मशीन नहीं है। उसके पास भी भावनाएँ हैं, थकावट है, परिवार है, सपने हैं। जब सरकार उसकी परेशानियों को व्यक्तिगत कहकर टाल देती है, तो वह केवल हतोत्साहित नहीं होता—वह धीरे-धीरे टूटने लगता है। और एक टूटा हुआ शिक्षक सिर्फ अपना मनोबल नहीं खोता, बल्कि आने वाली पीढ़ी के सपनों को भी कमजोर कर देता है। ट्रांसफर कोई फेवर नहीं, बल्कि अधिकार है। इसे एक पारदर्शी, समयबद्ध और संवेदनशील प्रक्रिया में किया जाना चाहिए। परिवार, स्वास्थ्य और सामाजिक परिस्थितियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# जहरीली गैस से तीन जवान भाइयों की मौत

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा





**बिजनौर :** बिजनौर के शिवाला कला थाना क्षेत्र के गांव सरकथल में कुएं के झेरे की जहरीली गैस से तीन जवान भाइयों की मौत हो गई। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। तथा परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। शवो को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी है तीन जवान भाइयों की मौत से क्षेत्र में शौक की लहर है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना शिवाला कलां क्षेत्र के ग्राम सरकथल निवासी छत्रपाल सिंह (25), अपने चचेरे भाई हिमांशु और सगे भाई कशिश उर्फ छोटू के साथ ट्यूबवेल पर गया था। छतरपाल मोटर का पट्टा चढ़ाने के लिए कुएं में उतरा था। गहरे कुएं में नीचे पहुंचा तो बेहोश होकर गिर पड़ा। उसके तुरंत बाद हिमांशु व कशिश उर्फ छोटू एक-एक कर नीचे उतरे और बेहोश होकर गिर गए। कुएं में जहरीली गैस होने की वजह से दम घुटकर उनकी मौत हो गई। वहां मौजूद धर्मवीर सिंह ने शोर मचा दिया, जिससे वहां ग्रामीणों की भीड़ लग गई। भीड़ में शामिल गांव का ही चेतन साहस कर मुंह पर भीगा हुआ कपड़ा लपेटकर कुएं में उतरा और किसी तरह से तीनों को रस्सी में बांधा। इसके बाद भीड़ ने रस्सी के सहारे तीनों को बाहर निकाल लिया। तीनों भाइयों को इलाज के लिए सीएचसी नूरपुर ले गए। जहां चिकित्सक ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। तीन भाइयों की मौत पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में मातम पसरा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाइ और शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव शर्मा ने बताया कि तीनों शवो का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है।

# रक्षा बंधन के त्यौहार पर रामपुर के जिला कारागार में भी विशेष तैयारियां की गई थी

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** रक्षा बंधन के त्यौहार पर रामपुर के जिला कारागार में भी विशेष तैयारियां की गई थी। जेल में निरूद्व बंदियों को उनकी बहनों से मिलाई कर राखी बंधवाई।

जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि जिला कारागार में निरूद्व महिला एवं पुरूष बंदियों की उनके परिजनों से मुलाकात करवाने के लिए कारागार प्रशासन की व्यवस्थाओं को सम्यक रूप से अनुकूल बनाते हुए रक्षा बंधन के त्यौहार से पूर्ण अनुशासन के साथ हर्षौल्लास से मनाया गया। कारागार प्रशासन की ओर से हेल्प डेस्क लगाकर परिजनों का मार्गदर्शन किया गया एवं बहनों को राखी, रोली, दीपक, आरती की सामग्री उपलब्ध कराने के साथ ही पेयजल के लिए वाटर कूलर लगाये गये। वाटर प्रूफ टेंट लगाकर कारपेट बिछा कर साथ-साथ बैठने की उपयुक्त व्यवस्था प्रदान की गई। टेंट में कूलर एवं पेडस्टल फैन लगाये गये। मेडिकल हेल्प डेस्क पर मौजूद चिकित्सक व फार्मासिस्ट द्वारा आवश्यकतानुसार बंदियों को तत्काल उपचार दिया गया। कारागार के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी मुस्तैदी से उपस्थित रहकर रक्षाबंधन पर्व के व्यवस्थापक एवं सहयोगी बने। उन्होने बताया कि कारागार में निरूद्व कुल 364 पुरूष बंदियों की उनकी बहनो व परिजनों कुल 783 व्यक्ति एवं 502 बच्चों ने रक्षा बंधन के पर्व को कारागार में मनाकर संबंध, सौहाद्र, प्रेम का अनूठा संदेश दिया। इस मौके पर जेल अधीक्षक राजेश यादव, जेलर सुनील कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# थाना टाण्डा पुलिस द्वारा लावारिश हालत में मिले दो बच्चो को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** सुबह दो बच्चे जो ग्राम सरावा का मझरा चौकी सैदनगर थाना टांडा, रामपुर में लावारिश हालत में रोते हुए घूम रहे थे। ग्राम सरावा के ग्राम प्रहरी द्वारा दोनो बच्चो से उनके माता पिता व निवास स्थान के बारे में पूछा तो दोनो बच्चे कुछ नही बता पा रहे थे। ग्राम प्रहरी द्वारा दोनो बच्चो को चौकी सैदनगर पर लाया गया। चौकी सैदनगर थाना टांडा पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये दोनो बच्चो की फोटो वाट्सएप पर थाना, चौकी ग्रुप एवं डीजिटल वालंटियर ग्रुप आदि में शेयर की गयी। थाना टाण्डा पुलिस द्वारा किये गये अथक प्रयास से दोनो बच्चो की पहचान 1.आयत नि0 कूण्डे की मडैया थाना अजीमनगर, रामपुर 2.हसमत नि0 ग्राम करीमपुर थाना टांडा, रामपुर के रुप में हुयी। थाना टाण्डा पुलिस द्वारा दोनो बच्चो को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा बच्चों के सकुशल मिलने पर थाना टांडा / रामपुर पुलिस की भूरी-भूरी प्रंशसा कर आभार व्यक्त किया गया।

# किसान मोर्चा के आह्वान पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा 13 अगस्त को तहसील पर देगी धरना

वेलकम इंडिया महमूद रजा




**बिजनौर किरतपुर।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा 13 अगस्त 2025 को तहसील नजीबाबाद पर धरना प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति महोदिया भारत सरकार को उप जिलाधिकारी नजीबाबाद के माध्यम से मांग पत्र प्रेषित करेंगी सभा के जिला कार्यालय पर हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया जिसके लिए एक पर्चा भी वितरित किया जाएगा बैठक में ब्लॉक किरतपुर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह को जान से मार देने गांव से उजाड़ने की धमकी देने वाले ग्राम राजा रामपुर प्रताप उर्फ ताहरपुर थाना किरतपुर निवासी देवेंद्र शेर सिंह कुलदीप आदि के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही पुलिस प्रशासन द्वारा करने की मांग की गई आरोपी पहले भी कुलविंदर के परिवार पर हमला कर चुके हैं दबंगता के बल पर गांव की शांति भंग करने पर तुले हुए हैं जिनके खिलाफ गुंडा एक्ट जिला बदर की कार्रवाई ऐसे दबंग के खिलाफ करने के लिए 13 तारीख को पुलिस क्षेत्र अधिकारी नजीबाबाद से मांग की जाएगी ?म एसपी गारंटी कानून बनाने किसान मजदूर के सभी कर्ज माफ करने 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त देने स्मार्ट मीटर लगाना बंद करने ग्राम समाज सीलिंग परती की भूमि दबंगो से कब्जा मुक्त कराने भूमिहीनों को उसके पट्टे करने सभी गरीबों की आवाज बनाने प्रधानमंत्री आवास योजना के भ्रष्टाचार की जांच करने मनरेगा मजदूरी ?500 200 दिन काम देने विद्यालय में खाना बनाने वाली रसोइयों को नियमित कर 26000 रुपए वेतन देने उनका 4 माह का रुका वेतन तुरंत दिलाने नांगल थाने में तैनाद पुलिसकर्मी अंकित सैनी दरोगा गौरव सिरोही से गरीब किसान सरफराज के अवैध रूप से लिए गए 37000 वापस दिलाने आदि मांगे की जाएगी बैठक में कपिल कुमार शेष राज भगत जी रवि कुमार मुनेश कुमार डॉक्टर दानिश मोहम्मद यूसुफ नितिन कुमार मोहम्मद जकी आदि शामिल थे।

# युवक की बेरहमी से हुई हत्या का पुलिस ने क्या खुलासा

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर के थाना मंडावली क्षेत्र के श्यामीवाला गांव में 8 अगस्त 2025 की रात को एक युवक की बेरहमी से हुई हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। स्वाट सर्विलांस टीम और थाना मंडावली पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए 32 वर्षीय मृतक अशोक की 56 वर्षीय मां मुन्नी देवी को गिरफ्तार कर लिया। इस हत्याकांड की वजह जानकर लोग भी हैरान और शर्मसार हैं। हर कोई यही कह रहा है कि सच में कलियुग आ गया है तभी तो ऐसा हो रहा है।

शिकायतकर्ता चन्द्रपाल ने पुलिस को तहरीर दी थी कि रात करीब 12:30 बजे उनके पुत्र अशोक की किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि अशोक नशे का आदी था और कई बार घरवालों के साथ अभद्रता और मारपीट कर चुका था। पूछताछ में अभियुक्ता ने बताया कि मृतक ने कुछ समय पहले उसके साथ अनैतिक कृत्य किया था। जिसे वह समाज और परिवार के भय से छुपा रही थी। लेकिन मन में गहरी चोट महसूस करती रही।हत्या करने वाली मां ने बताया कि सात अगस्त की रात अशोक फिर नशे की हालत में घर लौटा और कथित तौर पर फिर से जबरन अनैतिक कृत्य करने का प्रयास किया। इससे क्षुब्ध होकर मां ने 8 अगस्त की रात करीब 12:30 बजे, जब अशोक सो रहा था, लोहे की पाटल से उसकी गर्दन पर कई वार किया और अपने हाथों अपने बेटे की हत्या कर दी। घटना के बाद उसने शोर मचाकर मामले को गुमराह करने की कोशिश की थी।

# आरके गौड़ को भगवान परशुराम का चित्र भेट कर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया



वेलकम इंडिया

**रामपुर।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सचिव मुनीश चन्द्र शर्मा ने प्रेस क्लब बरेली के अध्यक्ष आरके गौड़ को निज आवास पर भगवान परशुराम का चित्र भेट कर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर आरके गौड़ ने कहा कि पत्रकारिता को समाज का दर्पण माना जाता हैं। इसे लोकतंत्र का चैथा स्तंभ कहा गया हैं क्योंकि इसके माध्यम से सत्ता के कार्यों पर निगरानी रखी जाती हैं और जनता के अधिकारों की रक्षा होती हैं। पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य सामाजिक बुराइयों को उजागर करके उनमें सुधार लाना हैं। केवल खबर प्रकाशित करना ही पत्रकारिता नहीं है बल्कि सच्चाई और पूरी पारदर्शिता के साथ जनहित की रक्षा करना ही सच्ची पत्रकारिता हैं। अभाब्रा महासभा के राष्ट्रीय सचिव मुनीश चंद्र शर्मा ने कहा कि त्यौहार और परंपराएं हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं। इन्हें संभालकर रखना हमारी जिम्मेदारी है। इससे भारत और भारतीयता जीवंत बनी रहेगी। इन पर विदेशी सोच, नाटकों और फिल्मों का प्रभाव न पड़ने दें। इनके संदेशों को आत्मसात करें और समाज में प्रेम सौहार्द और भाईचारे को बनाने में सहयोग करें।

# सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल का संज्ञान लेते हुए एसपी बिजनौर ने किया लेन हाजिर

वेलकम इंडिया महमूद रजा

बिजनौर थाना नजीबाबाद से जुड़ा एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सिपाही अशोक कुमार और दरोगा अन्नू कुमार का कथित रूप से पैसों के लेनदेन से जुड़ा ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वायरल ऑडियो में दोनों पुलिसकर्मी लेनदेन को लेकर बातचीत करते सुनाई दे रहे हैं। स्थानीय लोग आरोप लगा रहे हैं कि यह रकम किसी मामले को दबाने या कार्रवाई में ढील देने के बदले ली गई थी जिसमें पुलिसकर्मी अपना हिस्सा मांगते हुए नजर आ रहा है।इस खुलासे ने पूरे थाना क्षेत्र और पुलिस विभाग में हड़कंप मचा दिया है। लोगों का कहना है कि थाना इंचार्ज नजीबाबाद के नाक के नीचे हो रहे इस भ्रष्टाचार से साफ है कि व्यवस्था अंदर तक सड़ी हुई है।

जनता अब मांग कर रही है कि इस ऑडियो के आधार पर और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ निलंबन से लेकर बर्खास्तगी तक की सख्त कार्रवाई हो।अगर इस पर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई, तो जनता का गुस्सा सड़कों पर दिख सकता है। लेकिन एसपी बिजनौर ने संज्ञान लेते हुए दरोगा को निलंबित कर दिया है सवाल यह है क्या नजीबाबाद पुलिस अपने ही सिपाहियों और दरोगाओं के खिलाफ ईमानदारी से जांच करेगी, या मामला दबा दिया जाएगा?

## आदर्श नगर चौकी पर तैनात रहे दो दरोगा पहले ही हुए सस्पेंड

आदर्श नगर चौकी इन दिनों चचाओं का केंद्र बनी हुई है। चौकी पर तैनात रहे दो दरोगा पहले ही गंभीर आरोपों के चलते सस्पेंड हो चुके हैं, जबकि अब तीसरे दरोगा की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों का दावा है कि उन पर भी भ्रष्टाचार और लापरवाही के आरोप लग रहे हैं, जिससे विभाग में हड़कंप है।स्थानीय लोगों का कहना है कि चौकी पर तैनात अधिकारियों की कार्यप्रणाली लंबे समय से विवादों में रही है। ₹यहां आम जनता की सुनवाई कम, वसूली और पक्षपात ज्यादा होता है,₹ एक व्यापारी ने नाराजगी जताते हुए कहा ₹जब से चौकी बनी है, अपराध कम होने की बजाय बढ़े हैं।₹सोशल मीडिया पर भी लोग जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कई लोगों ने पोस्ट डालकर मांग की है कि आरोपित पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई हो और चौकी में ईमानदार अधिकारियों की नियुक्ति की जाए।अब देखना यह है कि क्या तीसरे दरोगा के खिलाफ भी कार्रवाई होती है या मामला फिर ठंडे बस्ते में चला जाता है।

# घर मे घुसकर ने चोरों ने उड़ाए नकदी, गहने और लाइसेंसी रिवाल्वर



संजीव कुमार गुप्ता

**सिद्धार्थनगर/इटवा।** जनपद के इटवा थाना क्षेत्र के बिस्कोहर रोड़ पर स्थित ग्राम सहदेइया में शनिवार की रात एक घर में भीषण चोरी हुई। चोरों ने लाइसेंसी रिवाल्वर, नकदी, मोबाइल, टेबलेट, जेवर और बर्तन सहित अन्य सामान चुरा लिया। घटना राहुल पाठक के घर में हुई। उनके घर के लोहे के दरवाजे रात में बंद थे।लेकिन छत पर एक दरवाजा था, जिसे घर वाले बंद करना भूल गए थे। चोर इसी दरवाजे से घर में घुसे। चोरों ने सबसे पहले अटैची तोड़ी जिसमें रिवाल्वर रखा था। फिर अलमारी से लगभग 15 हजार रुपये नकद, जेवरात, दो मोबाइल फोन और एक टेबलेट चुरा लिए। अलमारी का लॉक खुला था और लॉकर की चाबी भी सामने ही रखी थी। रविवार सुबह राहुल की पत्नी की नींद खुली तो उन्होंने देखा कि सारा सामान बिखरा हुआ है। पति को जगाने पर पता चला कि रिवाल्वर सहित अन्य सामान चोरी हो गया है। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही इटवा पुलिस और क्षेत्राधिकारी शुभेंदु सिंह मौके पर पहुंचे। बाद में फोरेंसिक टीम, सर्विलांस टीम और एसओजी टीम भी वहां पहुंची। सभी टीमें मिलकर मामले की जांच कर रही हैं। थाना प्रभारी छोटे लाल ने पुष्टि की है कि चोरी की घटना हुई है और पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# महात्मा टिकैत ने किया संगठन विस्तार

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर के नजीबाबाद - दिनांक 10 8.2025 को भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत की संगठन विस्तार को लेकर ग्राम कल्हेड़ी में चौधरी रामपाल सिंह के प्रतिष्ठान पर एक मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें तहसील प्रभारी सुनील चौधरी की संस्कृति पर चौधरी अखिलेश निवासी ग्राम आलोपुर को ब्लॉक अध्यक्ष नजीबाबाद, तथा शहजाद पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी ग्राम शाहजहांपुर रोशन उर्फ गढ़ीकपुरा को ₹ब्लॉक अध्यक्ष युवा₹ मनोनीत किया गया इस सभा की अध्यक्षता चौधरी रामपाल सिंह जी ने की तथा संचालन जितेंद्र हुड्डा ने किया इस अवसर पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष चौधरी सुखविंदर सिंह ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत एक ईमानदार और सर्व समाज का संगठन है हमारे संगठन में लीडर पैदा किए जाते हैं डीलर नहीं, भ्रष्टाचार के खिलाफ इस लड़ाई में भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत से जुड़े और संगठन को मजबूत करें ,गरीबों मजलूमों और किसानों के लिए संगठन पीड़ितों से चार कदम आगे खड़ा रहेगा, सभा को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री जितेंद्र हुड्डा कहा कि यह समय घोर कलयूग का समय है,एक छोटे किसान को अपना आत्मसम्मान बचाना मुश्किल हो रहा है वह जैसे तैसे अपनी जीविका चला रहा है, हालात इतने खराब है कि स्वास्थ्य विभाग, तहसील,थाना तथा बिजली विभाग में छोटे से छोटे काम के लिए कई जगह है इसलिए आप लोग अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जुड़े और महात्मा टिकैत को जिले में मजबूत बनाए। इस अवसर पर चौधरी जगबीर सिंह ,अतुल चौधरी, कुलदीप मोर, जकी मलिक,शहजाद मलिक, कपिल चौधरी, गजेंद्र चौधरी, बहार आलम,आदेश शर्मा,सोहेल अंसारी, आसिफ, शादाब, सुनील चौधरी सजाउद्दीन आदि लोग उपस्थित रहे।

# 52.09 ग्राम हीरोइन के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

असदुल्लाह सिद्दीकी




**ढेबरुआ/सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने 52.09 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हीरोइन के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपियों में संजय गुप्ता, अर्चना गुप्ता, दद्दु सोनकर और जलील शामिल हैं, जिनके पास से नकदी और एक कार भी बरामद हुई।गिरफ्तार अभियुक्तों में एक महिला भी शामिल है। इन अभियुक्तों की गिरफ्तारी भारत-नेपाल सीमा के बढ़नी चौकी के पास मलगहिया मोड़ पर तब हुई, जब बढ़नी चौकी प्रभारी अनिरुद्ध सिंह और एसएसबी की संयुक्त टीम गाड़ियों की चेकिंग कर रही थी। तभी वहां से गुजर रही एक सफेद रंग की कार को रोककर उसमें बैठे तीन पुरुष और एक महिला को बाहर निकाला गया। वाहन और उनकी तलाशी लेने पर उनके पास से उक्त हीरोइन बरामद हुई। पकड़े गए अभियुक्तों में संजय गुप्ता, उनकी पत्नी अर्चना गुप्ता, जो थाना ढेबरुआ के बढ़नी नगर पंचायत के निवासी हैं। जबकि दद्दू सोनकर पड़ोसी जनपद बलरामपुर के हसुआडोल और जलील पुत्र खादिम दरगाह शरीफ, जिला बहराइच के रहने वाले हैं।इस बरामदगी की जानकारी देते हुए शोहरतगढ़ के अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद ने बताया कि संजय गुप्ता के पास से 10.28 ग्राम हीरोइन, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुआ। अर्चना गुप्ता के पास से 12.54 ग्राम हीरोइन, एक एंड्रॉयड फोन, 20,400 भारतीय रुपए और 945 नेपाली रुपए मिले। दद्दू सोनकर के पास से 9.97 ग्राम हीरोइन और जलील पुत्र खादिम के पास से 10.27 ग्राम हीरोइन बरामद हुई। इसके अलावा चार पहिया वाहन मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर से 9.02 ग्राम हीरोइन मिली।प्रशांत कुमार ने बताया कि सभी अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ ढेबरुआ थाने में पहले से एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि संजय गुप्ता और उनकी पत्नी अर्चना हीरोइन दद्दू सोनकर से खरीदते थे, जबकि दद्दू सोनकर हीरोइन जलील पुत्र खादिम से सप्लाई करता था।

# पार्टी के संगठन को मजबूत ,एवं जातीय जनगणना , आरक्षण को लेकर बैठक

असदुल्लाह सिद्दीकी




**बांसी/सिद्धार्थनगर** ।जन अधिकार पार्टी के आह्वान पर जिला अध्यक्ष जगन्नाथ मौर्य की अध्यक्षता मे रविवार को जिले के बांसी विधानसभा एक बैठक आयोजित किया गया।इस बैठक में जन अधिकार पार्टी के सभी जिला पदाधिकारी, मंडलों के अध्यक्ष एवं मंण्डल के उपाध्यक्ष एवं विधानसभा अध्यक्ष शामिल हुए। पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने एवं जातीय जनगणना, आरक्षण को लेकर विशेष रूप से चचाएँ हुई। पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचे की रणनीति बनी।जिला कार्यसमिति की बैठक मे जिला अध्यक्ष जगन्नाथ मौर्य द्वारा सिद्धार्थनगर जिला कार्यकारी में रामचंद्र पासवान को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया एवं बांसी विधानसभा में नितेश कुमार मौर्या को विधानसभा प्रभारी का दायित्व सौंपा गया।इस दौरान बैठक मे कुलदीप मौर्य जिला प्रभारी, टेकराम मौर्य जिलाउपाध्यक्ष, जिला संगठन मंत्री रामसागर मौर्य एवं बस्ती मंडल मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार मौर्य, मंडल उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रसाद मौर्य, बांसी विधानसभा अध्यक्ष हरिशंकर मौर्य, नितेश कुमार मौर्य, धर्म राज मौर्य, हरिश्चन्द्र मौर्य, बाबूलाल मौर्य, इंद्रजीत मौर्य, रामपति मौर्य, अनिल कुमार मौर्य, राम बहादुर मौर्य सहित पार्टी के समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोडवेज बसों में धक्का मुक्की, कोई द्वार से घुसा तो किसी ने खुली खिड़की




वेलकम इंडिया

**मथुरा**। रोडवेज बसों में महिला यात्रियों के लिए रक्षाबंधन से पहले तमाम व्यवस्थाओं के दावे हुए, लेकिन शनिवार को रोडवेज बस स्टैंड पर ऐसी भीड़ उमड़ी कि महिला यात्रियों को बैठने तक के लिए जगह नहीं मिली। प्रशासन की तरफ से की गईं सभी व्यवस्थाएं और दावे भीड़ के सामने आखिर बेकार ही साबित हुए। रोडवेज के अधिकारियों ने बताया कि नए बस स्टैंड से आगरा और कानपुर की तरफ जाने वाली बसों में ज्यादा भीड़ रही। उन्होंने कहा कि इस बार रोडवेज में सफर के दौरान एक महिला यात्री के साथ सहयात्री को भी निशुल्क सफर करने का मौका सरकार ने दिया था। शनिवार को भीड़ इतनी हो गई कि लोग धक्का मुक्की करके बस में अंदर तो घुस गए, लेकिन फिर सीट तलाशते ही नजर आए। वहीं कई यात्री सीट घेरने के चक्कर में खिड़की से भी अंदर घुसने के प्रयास में लगे रहे। नए बस स्टैंड के स्टेशन अधीक्षक संतोष अग्रवाल ने बताया कि 160 बसें सभी रूटों पर चलाई गईं। एआरएम मदन मोहन शर्मा ने सभी महिला यात्रियों को फूल देकर रवाना किया।

# नाला निर्माण में पानी की निकासी पर उठे सवाल

वेलकम इंडिया



**मेरठ**। नगर पंचायत शाहजहांपुर में तालाब के किनारे बन रहा नाला लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। लाखों रुपये की लागत से हो रहा यह निर्माण पानी की निकासी नहीं कर रहा है। इससे बरसात में जलभराव की समस्या और बढ़ने का खतरा है। स्थानीय निवासी सिकंदर बख्त उर्फ शाद खान ने सोशल मीडिया पर नगर पंचायत चेयरमैन पर निशाना साधते हुए नाले की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि ढलान सही न होने से पानी उल्टा बह रहा है। वासिक पठान ने बताया कि नाले के कारण उनके घर में बरसात का पानी भर जाता है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी से शिकायत की, तो आश्वासन मिला कि इंजीनियरों को बुलाकर निरीक्षण कराया जाएगा। कस्बेवासियों का कहना है कि नाले का निर्माण बिना तकनीकी सर्वे के शुरू किया गया, जिससे यह स्थिति बनी। लोगों ने मांग की है कि इसकी जांच होनी चाहिये एडवोकेट मुमताज आलम ने भी नाले की विफलता और निर्माण में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि नाले निर्माण में मानकों का पालन नहीं हुआ है तो इसकी जांच होनी चाहिए। फिलहाल नगर पंचायत की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इस सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी से बात करनी चाही तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

# फर्जी अकाउंट से ठगी की कोशिश-पत्रकार संगठन के अध्यक्ष अजय चौधरी के नाम पर मांगे रुपये

वेलकम इंडिया



**मेरठ**। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (उपज) के मेरठ जिला अध्यक्ष व प्रदेश सचिव अजय चौधरी के नाम और फोटो का दुरुपयोग कर किसी अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी फेसबुक और व्हाट्सऐप अकाउंट बना लिया। आरोप है कि इस फर्जी अकाउंट से पत्रकारों और उनके परिचितों को संदेश भेजकर पैसों की मांग की गई। आरोपी ने अध्यक्ष अजय चौधरी की फोटो लगाकर नकली आईडी बनाई और फेसबुक मैसेंजर पर चैट करते हुए मदद के नाम पर रुपये ट्रांसफर करने को कहा। पैसा ट्रांसफर के लिए जो मोबाइल नंबर दिया गया, वह 9813094185 बताया गया है और फोन-पे से जुड़ा है। मामले की जानकारी होते ही अजय चौधरी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पोस्ट कर लोगों को सतर्क किया। इसके बाद उपज के महामंत्री ललित ठाकुर के नेतृत्व में दर्जनों पत्रकार थाना लोहिया नगर पहुंचे और आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान जिला संगठन महामंत्री राजू शर्मा, महानगर अध्यक्ष पवन शर्मा, जिला प्रवक्ता अरुण सागर, जिला सूचना मंत्री गौरव नैनी, जिला मीडिया प्रभारी अखिल गोयल, जिला उपाध्यक्ष लियाकत मंसूरी, शाहिद त्यागी, ताज मोहम्मद, अजीत कुमार, शाहिद खान, विकास गुप्ता, विपुल सिंघल, अमीत तोमर, सचिन त्यागी, अरिफ, रवि सैनी, संजय सैनी, अमरेंद्र, गफ्फार, नीरज कौशल, दीपक मौर्य, खालिद इकबाल, रमेश सोनी, सोहेल और नवेद खान मौजूद रहे।

# मृतक और सेवानिवृत्त शिक्षकों को सौंप दी जिम्मेदारी

वेलकम इंडिया

- तहसील प्रशासन की लापरवाही पर उठे सवाल, पंचायत चुनाव की तैयारी पर ग्रहण

**मथुरा/गोवर्धन**। पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच तहसील प्रशासन की भारी चूक उजागर हुई है। मतदाता सूची पुनरीक्षण में सुपरवाइजर और बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) की नियुक्ति में ऐसी लापरवाही सामने आई कि मृत, सेवानिवृत्त और अंतर्जनपदीय स्थानांतरित शिक्षकों को भी जिम्मेदारियां सौंप दी गईं। चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार शिक्षकों की सूची विकासखंड से तहसील में भेजी जाती है, जिसके आधार पर जिम्मेदारी दी जाती है। मगर, हाथिया न्याय पंचायत में प्राथमिक विद्यालय हाथिया द्वितीय के प्रधानाध्यापक भूदेव शर्मा, जिनका दो माह पहले निधन हो चुका है, को सुपरवाइजर नियुक्त कर दिया गया। इसी क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय हाथिया की सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका राजवती को भी सुपरवाइजर बना दिया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय कमयीं में अंतर्जनपदीय स्थानांतरण शिक्षक छोटेलाल को सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है। वहीं, उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला जरैला के प्रभारी प्रधानाध्यापक त्रिलोक चंद्र दुबे को, विभागीय कार्यभार के बावजूद, बूथ लेवल ऑफिसर की जिम्मेदारी थमा दी गई है। इस खुली प्रशासनिक चूक ने न केवल निर्वाचन प्रक्रिया की गंभीरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि क्षेत्र में यह मामला चटखारे लेकर चर्चा का विषय बन गया है।

# राधाकुण्ड के झूलनतला पर हुआ जलखेलनी तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन

वेलकम इंडिया




**गोवर्धन**। रक्षाबंधन के पावन पर राधाकुण्ड में झूलनतला स्थित राधारानी कुंड पर प्रतिवर्ष की भांति तैराकी प्रतियोगता का आयोजन किया गया। जिसमें अनिल और राहुल अव्वल रहे. विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रविवार को राधाकुण्ड के प्रमुख समाजसेवी दिनेश कुमार मिश्रा और सुंदर मिश्रा के नेतत्व में राधारानी कुंड पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जल खेलनी महोत्सव के दौरान तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें 18 से 40 वर्ष के दर्जनों युवाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। तैराकी प्रतियोगिता दो टीम बनाकर कराई गई. जिसमें 18 से 25 वर्ष की प्रतियोगिता में अनिल प्रथम, राहुल जाटव द्वितीय आरुष तृतीय रहा। 25 से 40 वर्ष की प्रतियोगिता में राहुल प्रथम, चेतन शर्मा द्वितीय, भानु प्रजापति तृतीय रहा। मुख्य अतिथि के रूप में राधाकुण्ड कार्यक्रम में पहुंचे चेयरमैन रामफल मुंशी, मनीष लंबरदार व विशिष्ट अथिति डॉ. विष्णु रावत, मंडल अध्यक्ष प्रकाश गौड़, आयोजक दिनेश कुमार मिश्रा (गुड्डू भईया) और सुंदर मिश्रा आदि ने विजेताओं को माइक्रोवेव ओवन, मल्टीमीडिया स्पीकर, मिक्स ब्लेंडर, बारबेक्यू ग्रिल, बीएल डीसी फैन व नगदी आदि पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भोला दुबे, चंद्र विनोद कौशिक,पवन मिश्रा, प्रभात मिश्रा, ब्रज विहारी मिश्रा, गिरीश मिश्रा, जगदीश कटारा, बालकिशन मास्टर व राधाकुण्ड चौकी पुलिस मुस्तैद रहे।

# विद्युत अव्यवस्था से अड़ींग हलकान

वेलकम इंडिया

**मथुरा**। अड़ींग में बिजली विभाग ने अंधेर मचाया हुआ है। जेई और एसडीओ आमजन को राहत नहीं दे पा रहे हैं। बिलों में भयंकर गड़बड़ी हो रही है। सही कराने के नाम पर उपभोक्ताओं को हर दिन धक्के खाने पड़ रहे हैं। रक्षा बंधन पर गांव के कयी मोहल्लों में रातभर टूफेस सप्लाई होने से नींद हराम रही। रविवार की दोपहर तक भी सप्लाई सुचारू न होने से पेयजल संकट गहरा गया। नयी केबिल डलने से हालात सुधरने के बजाय और बिगड़े हैं। करोड़ों रुपए खर्च हो गये लेकिन बिजली की हालत और खराब हो चुकी है। कटौती नियत समय पर ही की जाती है भले ही फोल्ट आदि के चलते सप्लाई दिन में चंद घंटे ही आई हो। सारे बंच और पोल नये हैं लेकिन लाइनमैनों द्वारा उन्हें दुरुस्त नहीं किया जाता। सभी का जोर केवल चैकिंग, केबिल काटने और फिर वैध-अवैध वसूली पर ही रहता है। गांव के अनेक लोगों से बिजली महकमे के कुछ लोगों ने बिल सही कराने आदि काम के नाम पर लाखों की अवैध वसूली कर रखी है। इसके चलते कयी पावर कनेक्सन पीडीसी कराए जा चुके हैं। रक्षा बंधन पर पूरी रात बिजली टूफेस रही जिससे रातभर लोग चैन की नींद नहीं सो पाए। बिजली टूफेस होने से पेयजल संकट गहरा गया।

## बिजलीघर का फोन खराब

मथुरा। अड़ींग बिजलीघर पर दिया मोबाइल कमजोर नेटवर्क का शिकार रहता है। किसी फोल्ट की सूचना देनी हो तो यातो वह मिलेगा ही नहीं यदि मिल भी जाए तो बात ठीक से नहीं हो पाती। यह अव्यवस्था किसी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

## अमन ने किया चैन हराम

मथुरा। एसडीओ आफिस दतिया पर तैनात कर्मचारी अमन के भरोसे सारा काम है। बिल ठीक कराने से लेकर अन्य कयी तरह के काम कराने वालों का यहां हर दिन जमघट लगा रहता है। काम होके नहीं देता तो लोग एक दो बार चक्कर काट कर थक जाते हैं। ज्ञातव्य है कि 500–700 रुपये महीने की जगह जब 7–8 हजार तक के बिल आने लगे हैं। शिकायत आन लाइन करो या आफ लाइन बिल ठीक नहीं होता।

# शमशान जाने वाले रास्ते मे भरा पानी अंतिम संस्कार में आ रही हैं मुश्किलें

वेलकम इंडिया



**मथुरा/सौंख**। गोवर्धन तहसील की प्रमुख ग्राम पंचायत नैनू पट्टी के गांव नगला जंगली में शमशान घाट को जाने वाले रास्ते पानी से घिरे हुए हैं। गंदगी ने अपना साम्राज्य फैला रखा है। इसके चलते ग्रामीण अंतिम संस्कार के लिए कीचड़ युक्त गड्ढे व रास्ते पर अधिक पानी होने के कारण अर्थी को खेतों के रास्ते ले कर जाने को मजबूर हैं। ग्राम प्रधान के कानों पर जूँ तक नहीं रेंग रही । प्रधान की मनमानी चरम सीमा पर है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की है ।

जानकारी के अनुसार मामला गोवर्धन तहसील की प्रमुख ग्राम पंचायत नैनू पट्टी के गांव नगला जंगली का है। जहां एक व्यक्ति की मौत के बाद ग्रामीण अंतिम संस्कार के लिए कीचड़ युक्त और घुटनों तक भरे गंदे पानी से होकर श्मशान घाट तक पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि अंतिम संस्कार के लिए अर्थी को खेतों के रास्ते से होकर लाने को मजबूर हैं। लेकिन ग्राम प्रधान के कानों पर जूँ तक नहीं रेंग रही, प्रधान की मनमानी से तंग ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की है। शनिवार को देर रात ग्रामीण बलवीर सिंह नेताजी का निधन हो गया। दूसरे दिन उनके परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट लेकर जाने लगे तो रास्ते पर पानी एवं कीचड़ ने अपना साम्राज्य फैला रखा था। मजबूरन अर्थी को खेतों के रास्ते ले जाकर श्मशान स्थल पर पहुंचना पड़ा। इस दौरान शव यात्रा में शामिल लोग ग्राम प्रधान को कोसते हुए दिखाई दिये। इससे सात दिन पहले करीब 4 अगस्त को सत्येंद्र सिंह नामक व्यक्ति उम्र करीब 35 साल लीवर डैमेज होने की वजह से मौत हो चुकी थी उनको अंतिम संस्कार के लिए एक-दो फीट पानी से होकर अर्थी को शमशान घाट पर पहुंचे तो अचानक वर्षा आने लगी बिना टीन सेड के बड़ी मुश्किल से चिता में अग्नि प्रवाहित हो पाए थी। ग्राम प्रधान निष्क्रिय बने हुए हैं। कई सालों से यह मार्ग कच्चा एवं खेतों से नीचा होने के कारण इस मार्ग पर गंदगी होने तथा कीचड़ युक्त गड्ढे होने से जल भराव की समस्या देखने को मिल रही है ग्रामीणों के द्वारा उच्चधिकारियों को कई बार अवगत कराया लेकिन किसी भी जन प्रतिनिधि ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया। नैनू पट्टी नगला जंगली के समस्त ग्रामीणों ने एक स्वर में इस रास्ते को बनवाने की मांग की है।

# सेवानिवृत्त फौजी का पुराने सहपाठियों ने मनाया जन्मदिवस

वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद** : देश की सीमा पर मुस्तैद रहकर सेवा व सुरक्षा का फर्ज निभाने के बाद सेवानिवृत्त होकर घर आये फौजी डीके उर्फ प्रदीप सिंह का रविवार की सायंकाल 'कालेज फ्रेंड्स ग्रुप' द्वारा मिजार्मुराद स्थित सीताराम हास्पिटल में धूमधाम से जन्मदिवस मनाया गया।

जनता इंटर कालेज (खोचवां) में वर्ष 1995 में शिक्षा ग्रहण करने वाले सेवानिवृत्त फौजी प्रदीप सिंह के घर पर पुराने सहपाठी पहुंचे।मित्रों ने केक काटा और चाय-समोसा की मस्ती संग आनंद उठाया।कालेज जीवन की यादें ताजा कर ठहाके भी लगाएं।फौजी ने अपने सेवा काल के दौरान देश के दुश्मनों से हुई मुठभेड़ समेत अन्य कठिन परिस्थितियों को साझा किया।भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह समेत अन्य ने सेवानिवृत्त फौजी को फेसबुक व फोन पर जन्मदिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सीताराम हास्पिटल के प्रबंध निदेशक डा.शैलेन्द्र चतुवेर्दी (अनिल), एसबीआई (लाइफ) के रीजनल मैनेजर दिनेश सिंह, दंत चिकित्सक डा.एम.मुस्तफा, सेवानिवृत्त फौजी संजय मौर्या, लक्ष्मी सेवा सदन (चांदपुर) के प्रबंधक डा.चंद्रशेखर मौर्या, राजातालाब तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री नंदकिशोर सिंह पटेल, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह 'पिन्टू' (पत्रकार), दिनेश सिंह (बल्ली), आर्टिटेक दीनदयाल विश्वकर्मा, माता प्रसाद विश्वकर्मा, सौरभ इंटरप्राइजेज (खजुरी) के सभाजीत यादव, हार्डवेयर कारोबारी राजन सिंह, शिक्षक दिनेश सिंह (बाबा), अनिल सिंह, गोपालदत्त शर्मा समेत अन्य उपस्थित रहे।

# पुलिस चौकी इंचार्ज की गाड़ी से हादसे में बुजुर्ग की मौत, आक्रोशित गांव वालों ने घेरी चौकी, लगाए आरोप

वेलकम इंडिया



**मथुरा**। नंदगांव क्षेत्र में बरसाना रोड स्थित कृष्णा कॉलेज के सामने शनिवार शाम हुए सड़क हादसे में घायल की मृत्यु से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने नंदगांव चौकी का घेराव कर जाम लगाने का प्रयास किया। लोग फरीदाबाद से शव आने का इंतजार कर रहे हैं। हादसा कोकिलावान चौकी इंचार्ज की कार से हुआ था। अज्ञात के खिलाफ मुकदमा होने से लोगों में गुस्सा है। लोगों ने चेतावनी दी कि जब तक चौकी इंचार्ज का नाम मुकदमे में नहीं जुड़ेगा वो शव का अंतिम संस्कार नि कराएंगे।शनिवार शाम सात बजे कृष्णा कॉलेज के सामने बाबूलाल सड़क किनारे खड़े थे। तभी बरसाना की ओर से तेज रफ्तार में आ रही कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सड़क किनारे लगे पेड़ पर चढ़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि कार खुद कोकिलावान चौकी इंचार्ज कुंजन चौधरी चला रही थीं और उस समय गाड़ी की रफ्तार काफी ज्यादा थी। हादसे में गंभीर घायल बाबूलाल को तुरंत फरीदाबाद के अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बुजुर्ग की मृत्यु से नाराज रविवार सुबह 11 बजे बड़ी संख्या में ग्रामीण चौकी के पास इकट्ठा हुए और घेराव शुरू कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस के बैरियर नंदगांव बरसाना मार्ग पर लगाकर जाम के प्रयास शुरू किए। करीब 15 मिनट तक जाम लग गया। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह समझाकर सड़क से बैरियर हटवाए। परिजन और ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की। हादसे के बाद नाम सामने आने के बावजूद मुकदमे में सब इंस्पेक्टर कुंजन चौधरी का नाम हटा दिया गया और रिपोर्ट अज्ञात के खिलाफ दर्ज की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस अपने ही अफसर को बचाने में लगी हुई है और गरीब परिवार को न्याय से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। ग्रामीण हरियाणा से शव आने का इंतजार कर रहे है। बरसाना थाना प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि स्वजन ने प्रार्थना पत्र में गाड़ी नंबर दिया था, लेकिन चालक को अज्ञात बताया था। अगर ऐसा है तो मामले की जांच कर चौकी प्रभारी का नाम मुकदमे में जोड़ा जाएगा।

# जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी जल्द होगी दूर

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,गोविन्द मेहता,** जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए जिलेवासियों को जिले में बाल रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट, ईएनटी सर्जन, सहित ईएमओ चिकित्सकों के आने का इंतजार है। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की प्रमुख लाइफ लाइन समझा जाने वाले जिला अस्पताल में रिक्त पदों में अनुभवी योग्य और विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी बनी हुई है।जिला अस्पताल मे मरीजो की जांच के लिए अवश्य महंगी आधुनिक तकनीक की मशीनें लगाई गई है पर उनके संचालन के लिए रेडियोलॉजिस्ट की भी कमी बनी हुई है, आलम यह है कि मरीजों को निजी केंद्र में जाकर महंगे दामों में अपनी जांच करानी पड़ रही है।जहां अस्पताल में गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच होती है, उनकी अल्ट्रासाउंड जांच के लिए जिला अस्पताल में लम्बे समय से रेडियोलॉजिस्ट का पद रिक्त चल रहा है।जहां पूर्व में अस्पताल में दो दो रेडियोलॉजिस्ट तैनात हुए थे अचानक कैसे यहां से रेडियोलॉजिस्ट अन्य स्थान पर कार्यरत कर दिए गए।कैसे रिक्त पद होने पर उन्हें लंबी छुट्टी अवकाश दे दिया गया।यह सिस्टम और हमारे जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। जबकि बिना प्रतिस्थानी के किसी भी चिकित्सक को रिलीव नही किया जाता है।।पर इसे जिले का दुर्भाग्य कहें या सिस्टम की अनदेखी, ऐसा क्यों हो रहा है इसके लिए कौन जिम्मेदार हैं।जब सरकार इन पदों पर तैनाती नही कर पा रही है तो फिर गरीब तबके के लोगों की जेब पर डाका डालकर महंगे दामों पर सरकार आयुष्मान कार्ड में क्यों नही अल्ट्रासाउंड सहित अन्य शारीरिक जांचे निशुल्क करने की व्यवस्था करती हैं।इसके लिए सरकार क्यों गरीबों को महंगी जांच के नाम पर लूटने वालों पर कार्रवाई करती है।पर ऐसा बिना संरक्षण के होना नामुनकिन है, ऐसे में सरकार के निशुल्क इलाज के दावे भी धरातल पर नही उतर पा रहे हैं। पूर्व में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए अधिकारी और स्थानीय विधायक पार्वती दास ने मामले में स्वास्थ्य मंत्री से भी टेलीफोनिक वार्ता कर जल्द जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी दूर करने की अपील की है।वही मामले में एक शिकायत के प्रकरण के मुद्दे पर बाल रोग विशेषज्ञ को आधी अधूरी जांच कर शासन के दबाव में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में सम्बद्ध कर दिया गया, जबकि बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल पहुंचने पर पहले रात्रि में तैनात ईएमओ द्वारा उनका इलाज किया गया।अब गौरतलब है कि क्या उस समय सैन्य जवान द्वारा जो आरोप चिकित्सक पर लगाए गए क्या उस समय बाल रोग विशेषज्ञ के साथ वार्ता हुई या किसी अन्य के साथ जैसा कि सैन्य जवान ने आरोप लगाए थे। हालांकि मामले में लापरवाही करने वालों के खिलाफ अवश्य सख्त कार्रवाई भी होनी चाहिए। जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी के चलते अब स्थानीय विधायक पार्वती दास ने अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत द्वारा 15 अगस्त के बाद जिला अस्पताल में रिक्त पदों पर चिकित्सकों की नियुक्ति करने का आश्वासन दिया है।कहा कि जल्द जिला अस्पताल में रिक्त पदों पर चिकित्सकों की नियुक्ति कराई जाएगी।अब देखने वाली बात होगी कि सरकार, स्वास्थ्य मंत्री के दिए आश्वासन के बाद जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी दूर होती है या नही।

### दो ईएमओ को तबादले के बाद क्यों कर दिया गया रिलीव

जिला अस्पताल में ईएमओ की भी कमी बनी हुई है ऐसे में जिला अस्पताल से बिना प्रतिस्थानी भेजे दोनों चिकित्सकों को भी रिलीव किए जाने की सूचना के बाद जिला अस्पताल चिकित्सक विहीन हो गया है।जिससे स्वास्थ व्यवस्था पर इसका प्रभाव पड़ रहा है, वही अस्पताल में तैनात वरिष्ठ फिजिशियन दिन रात ड्यूटी करने को मजबूर हैं।

बागेश्वर सहित चमोली और अन्य पहाडी जिलों में रिक्त पदों पर जिला अस्पताल में रिक्त पदों पर योग्य प्रशिक्षित चिकित्सको की तैनाती के लिए स्वास्थ्य सचिव और स्वास्थ्य मंत्री जी को अवगत कराया गया है।पीजी कर चुके चिकित्सको के ज्वाइन करने का इंतजार है।जैसे ही नए चिकित्सक मिलेंगे वैसे ही प्राथमिकता के आधार पर चिकित्सको की तैनाती कर दी जाएगी। **– डॉ. सुनीता टम्टा, स्वास्थ महानिदेशक–उत्तराखण्ड।**

# गांधी उद्यान के पास ट्रांसफार्मर में लगी आग धमाके से मचा हड़कंप, सैकड़ों घरों की बिजली गुल

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** गांधी उद्यान के पास रविवार दोपहर अचानक ट्रांसफार्मर में जोरदार धमाका और आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। धमाका इतना तेज था कि आसपास मौजूद लोग और राहगीर सहम गए और इधर उधर भागकर अपनी जान बचाई। ट्रांसफार्मर में आग लगने से सैकड़ों घरों की बिजली गुल हो गई, जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। करीब दोपहर 12:15 बजे डूडा कार्यालय के पास खंभे पर लगा छोटा ट्रांसफार्मर अचानक फट गया। धमाके के साथ ही उसमें से उबलता तेल सड़क पर बिखर गया। सड़क पर ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिसकर्मी और वहां से गुजर रहे लोग तुरंत किनारे हो गए। धमाके में ट्रांसफार्मर से जुड़ी केबिल भी जलकर राख हो गई। हैरानी की बात यह रही कि हादसे वाली जगह से महज कुछ कदम दूर ही अधिशासी अभियंता का दफ्तर है, लेकिन वहां से कोई अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। ऐसे में मोहल्ले के लोगों ने खुद पानी डालकर जैसे-तैसे आग पर काबू पाया, वरना हादसा और बड़ा हो सकता था। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग की इस लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर समय रहते टीम पहुंच जाती, तो नुकसान और भी कम किया जा सकता था।

# भाकियू टिकैत की दिलाई सदस्यता



वेलकम इंडिया

**शिकारपुर/बुलंदशहर/** रविवार को ब्लॉक अध्यक्ष शिकारपुर द्वारा ग्राम खंडवाया में चलाया गया सदस्यता अभियान। ग्राम खंडवाया में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष केपी सिंह के द्वारा सदस्यता अभियान चलाकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत का विस्तार किया। सदस्यता अभियान में ब्लॉक अध्यक्ष केपी सिंह टार्जन ब्लॉक मीडया प्रभारी शिकारपुर व ग्राम खंडवाया के चंद्रवीर सिंह तपन चौधरी नमन चौधरी सचिन चौधरी विवेक जयप्रकाश शर्मा सुरेंद्र शर्मा धीरज शर्मा कुलदीप शर्मा पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शिकारपुर कैलाश कुशवाहा गोटियाल हजरतपुर उर्फ अनिल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# आदर्श संस्कृत ग्राम सेरी में संस्कृत भाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए मुख्यमंत्री ने वर्चुवल माध्यम से किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर**, गोविन्द मेहता, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में संस्कृत भाषा के संरक्षण और संवर्धन केराज्य के 13 जिलों में 13 आदर्श संस्कृत ग्रामों का रविवार को विधिवत शुभारंभ किया। बागेश्वर जनपद के सेरी ग्राम पंचायत को भी आदर्श संस्कृत ग्राम के रूप में चुना गया है। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से ग्रामीणों से संवाद किया, जिसमें जिलाधिकारी आशीष भटगांई, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन समेत कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण मौजूद थे। वर्चुअल सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार उत्तराखंड के प्रत्येक जनपद में आदर्श संस्कृत ग्राम की स्थापना कर देववाणी संस्कृत को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। देवभूमि उत्तराखंड सदियों से देववाणी संस्कृत के अध्ययन और शोध का केंद्र रही है। राज्य सरकार का प्रयास है कि देववाणी संस्कृत की पवित्र ज्योति को उत्तराखंड में प्रज्ज्वलित रखा जाए।उन्होंने कहा उत्तराखंड पहला राज्य है, जो इस तरह की पहल से देववाणी संस्कृत के संरक्षण एवं संवर्धन पर कार्य कर रहा है। संस्कृत भाषा हमारी संस्कृति, परंपरा, ज्ञान और विज्ञान का मूल आधार है। संस्कृत भाषा के आधार पर ही प्राचीन मानव सभ्यताओं का विकास संभव हो सका है। सनातन संस्कृति में वेदों, ग्रंथों, पुराणों और उपनिषदों की रचना संस्कृत में ही की गई है। आयुर्वेद, ज्योतिष और गणित जैसे विषयों का ज्ञान संस्कृत में ही निहित है। संस्कृत का अध्ययन हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है और हमारी सांस्कृतिक विरासत को समझने में मदद करता है। उन्होंने संस्कृत के महत्व को बताते हुए कहा कि यह कई भाषाओं की जननी है और इसकी महत्ता हमेशा प्रभावशाली रही है। इसके तहत, हर जिले में एक-एक आदर्श संस्कृत ग्राम का चयन किया गया है।इन गांवों में सनातन संस्कृति के अनुरूप विभिन्न संस्कारों के अवसर पर वेद, पुराण और उपनिषदों की ऋचाओं का पाठ भी किया जाएगा। इस पहल का लक्ष्य सभ्य समाज का निर्माण, संस्कृति की रक्षा, सद्भावना, नारी सम्मान, चरित्र निर्माण और नशामुक्त समाज बनाना है। वहीं उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी उत्तराखंड सरकार और केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के माध्यम से आदर्श संस्कृत ग्राम सेरी में संस्कृत प्रशिक्षक की तैनाती की गई है। जिसमें प्रशिक्षक द्वारा गांव वालों को संस्कृत सिखाना ओर गांव वालों को संस्कृत में रोजगार के अवसरों से परिचित कराते हुए संस्कृत को आम बोल चाल की भाषा बनाना है।छात्राओं ने संस्कृत भाषा में सरस्वती वंदना और स्वागत गीत भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि योगेश हरड़िया, ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह धामी, क्षेत्र पंचायत सदस्य जगदीश प्रसाद, गिरीश चंद्र तिवारी, जिला शिक्षाधिकारी विनय कुमार आर्या, आशा राम चौहान, खंड शिक्षा अधिकारी चक्षुपति अवस्थी, देवकी नंदन जोशी, जगदीश सिंह, दान सिंह, राकेश जोशी समेत अन्य अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गंगा की बाढ़ में बहे चार मंदिर और तीन धर्मशाला



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर:** गंगा की बाढ़ में बहे चार मंदिर और तीन धर्मशाला। अहार के सिद्ध बाबा गंगा घाट पर गंगा का रौद्र रूप दिख रहा। गंगा किनारे बने गंगा मंदिर, हनुमान मंदिर, गुरु गोरखनाथ मंदिर, जाहरवीर बाबा मंदिर और तीन धर्मशाला गंगा की बाढ़ में बही।पूरा खादर क्षेत्र जलमग्न, गंगा घाट की ओर जाने वाले रास्तों पर बाढ़ का पानी बह रहा। अहार क्षेत्र में सिद्ध बाबा गंगा घाट मार्ग पर नवनिर्मित सीसी रोड का करीब 10 मीटर टुकड़ा भी तेज बहाव में बह गया है। किसानों की हजारों बीघा फसलें बाढ़ के पानी में जलमग्न, गांवों में घुसा गंगा का पानी खादर क्षेत्र में बाढ़ को लेकर गांवों में दहशत का माहौल है।

# दुष्यंत की कनपटी पर गोली मार कर की हत्या



वेलकम इंडिया

- बाइक पर लिखा से पुलिस को मिली पहली सीढ़ी
- घटना को अंजाम देकर रजवाहे के किनारे झाड़ियों में फेंक दिया तमंचा

**जहांगीराबाद।** दुष्यंत चौधरी हत्याकांड के तीनों आरोपियों को पकड़कर पुलिस ने घटना का खुलासा कर दिया है। दुष्यंत के सगा ताऊ जो कि रिश्ते में दुष्यंत का सगा मौसा भी लगता है उसी ने ही 40 हजार रुपये की सुपारी देकर पर उसकी हत्या करवाई थी। दुष्यंत की 10 बीघा जमीन हड़पने का लिए बलराज ने हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल बलराज, नितिन और रणजीत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि बलराज ने नितिन को बतौर पेशगी 10 हजार रुपये दिए थे। इसके बाद हजार दो हजार रुपये की किश्त में पमेंट की गई। पेमेंट पूरा होने पर नितिन और रणजीत ने मिलकर दुष्यंत की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार घटना वाले दिन नितिन दुष्यंत को अपने साथ लेकर ग्यारह मील स्थित शराब के ठेके पर गया था और वहां दोनों ने शराब पी। उसके बाद नितिन योजना के तहत चांदौक पहुंचा और ठेके से शराब खरीदी और घटनास्थल पर तीनो ने मिलकर शराब पी। दुष्यंत पर नशा हावी होता देख रणजीत और नितिन ने उस पर तमंचे से फायर कर दिया। पहला फायर रणजीत ने किया जो मिस हो गया। उसके बाद दुष्यंत जब अपनी जान बचाने के लिए भागा तभी दूसरी गोली नितिन ने मारी जो दुष्यंत के पेट में पार हो गई। जिसके तुरंत बाद दुष्यंत खेत मे ही गिर गया और रणजीत ने दोबारा तमंचा लोड कर उसकी कनपटी में गोली मारकर उसे मौत के घाट उतार दिया। नितिन जिस बाइक से दुष्यंत को लेकर शराब के ठेके और घटनास्थल पर पहुंचा उसके पीछे लिखे ₹र₹ लिखा हुआ था। पुलिस को शराब के ठेके और अन्य स्थान पर सीसीटीवी फुटेज में बाइक पर लिखे इस ₹र₹ से ही घटना के खुलासे की पहली सीढ़ी पुलिस चढ़ पाई। पुलिस ने बताया कि घटना को अंजाम देकर नितिन और रणजीत ने तमंचे को घटनास्थल के पास स्थित रजवाहे के किनारे झाड़ियों में फेंक दिए थे। जिन्हें पुलिस ने हत्यारोपियों की निशानदेही पर बरामद कर लिया है। घटना में प्रयुक्त दोनों बाइक भी गांव से ही बरामद हुई हैं।

# बेवफा पत्नी ने पति पर चाकू से हमलाकर काटा प्राइवेट पार्ट, हालत गंभीर

वेलकम इंडिया



**जगदीशपुर अमेठी।** पति पत्नी के रिश्ते को तार -तार करने वाली घटना उस वक्त सामने आई जब बेवफा पत्नी ने अपने ही पति पर चाकू से हमला कर प्राइवेट पार्ट को काट कर अलग कर दिया चीख पुकार सुनकर दौडे परिजन मौके का नजारा देख दंग रह गए घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार हेतु अस्पताल मे भर्ती कराया जहाँ चिकित्सको ने एम्स रायबरेली रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मैगलगंज मजरे कचनाव गांव निवासी अंसार जिसकी दो पत्नियां थी इसी कारण पति पत्नी मे अक्सर विवाद होता रहता था अंसार की दूसरी पत्नी नजनीन बानो भोर तडके किन्ही कारणों को लेकर पति अंसार पर चाकू से हमला करके उसका प्राइवेट पार्ट काटकर अलग कर दिया चीख पुकार सुनकर परिजन दौडे तो दिल दहला देने वाली घटना देखकर होश उड गए घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर मे भर्ती कराया जहाँ चिकित्सको ने हालत गंभीर देख एम्स रायबरेली रेफर कर दिया। घटना की तहरीर घायल के भाई द्वारा थाने मे देने के पश्चात पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर जांच पडताल मे जुट गई। इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाली महिला को चाकू समेत गिरफ्तार कर जेल भेज कर विधिक कार्यवाई की जा रही है।

# भाजपा ने महिलाओं को हाशिये पर धकेला, सुरक्षा सिर्फ भाषणों में : शिवचरण कश्यप

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** वीरांगना फूलन देवी की जयंती पर समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने भाजपा सरकार पर दलित, पिछड़े और महिलाओं की अनदेखी का आरोप लगाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने की, जबकि संचालन जिला सचिव द्रोण कश्यप ने किया।

**फूलन देवी का सपना भाजपा राज में असंभव:** सपा जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने कहा कि फूलन देवी ने दलित, पिछड़े और महिलाओं के सम्मान के लिए संघर्ष किया, लेकिन भाजपा सरकार ने इन वर्गों को विकास और फैसलों से बाहर कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया, कि गरीब किसान बदहाल है, युवाओं के हाथ खाली हैं और महिला सुरक्षा सिर्फ भाषणों में ही दिखाई देती है।

**महिला आरक्षण पर भी उठाये सवाल:** जिला उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह यादव ने कहा कि महिला आरक्षण कानून में भाजपा ने गरीब और पिछड़ी महिलाओं को बाहर रखा है, जो दलित और पिछड़ा विरोधी मानसिकता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि फूलन देवी का सपना था कि हर गरीब बेटी सुरक्षित और सम्मानित जीवन जिए, लेकिन आज बेटियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सपा द्वारा आयोजित इस गोष्ठी में जिला सचिव ब्रजेश श्रीवास्तव सविता, विशाल कश्यप, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष असलम खान, विधानसभा अध्यक्ष सुरेश गंगवार, छेदलाल दिवाकर, संजीव कश्यप, टीकाराम कश्यप, मकसूद अंसारी, सरदार हरभन सिंह, कादेराम कश्यप, अजहर अली, प्रदीप कश्यप, चंद्रपाल कश्यप समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बरनावा में हुआ जनपद बागपत की सबसे बड़ी कैंटीन का शुभारम्भ

वेलकम इंडिया



**बागपत, उत्तर प्रदेश। विवेक जैन।** जनपद बागपत के बरनावा स्थित एमएसजी डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केंद्र बरनावा में बागपत की सबसे बड़ी कैंटीन का शुभारम्भ हुआ। डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख संत डॉक्टर गुरमीत राम रहीम सिंह इंसान द्वारा सिरसा से एमएसजी डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केंद्र बरनावा, बागपत, उत्तर प्रदेश में आधुनिक, आकर्षित एसजीएम कैंटीन का अपने कर कमलों द्वारा ऑनलाइन शुभारंभ किया ।कैंटीन के जिम्मेदार अशोक कुमार रतिया ने बताया कि कैंटीन सुबह 8 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक आम जन मानस के लिए खुली रहेगी। जिसमें समस्त प्रकार का शाकाहारी नाश्ता भोजन उपलब्ध रहेगा। कैंटीन में कोई भी व्यक्ति बच्चों के जन्मदिन, अंगूठी रस्म, शादी की सालगिरह, विवाह शादी के आयोजन, व्यावसायिक बैठक आदि की पार्टी के लिए अपने पसंदीदा भोजन व नाश्ते की बुकिंग करा सकेगा, जिसमें मांसाहारी भोजन को छोड़कर सभी कल्चर का नाश्ता भोजन उपलब्ध रहेगा।कैंटीन में पार्टी आदि के आयोजन के लिए 200 से लेकर 300 व्यक्तियो के बैठने व खाने पीने की पर्याप्त व्यवस्था है। कैंटीन में डेरा सच्चा सौदा के हर घर में प्रयोग होने वाले उच्च क्वालिटी के उत्पाद भी उपलब्ध रहेंगे। इस कैंटीन का मुख्य द्वार सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक बरनावा बिनोली मार्ग की ओर खुला रहेगा। बताया कि यह कैंटीन डेरे के गेट नंबर एक के बराबर में है। इस कैंटीन के शुभारम्भ अवसर पर कैंटीन के जिम्मेदार अशोक कुमार रतिया, डॉ मदन लाल इंसान, डेरे के प्रबंधक प्रीतपाल इंसान, मीडिया के सेवादार रकम सिंह इंसान, इंटरनेशनल अवार्डी, महामहिम राष्ट्रपति और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# पत्नी के अफेयर और बेटे के रवैये से टूटा युवक, वीडियो बनाकर लगाई फांसी

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** थाना किला क्षेत्र में एक युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जान दे दी। मरने से पहले उसने मोबाइल में वीडियो बनाकर अपनी पत्नी और मामा के बीच अवैध संबंधों का आरोप लगाया, साथ ही बेटे पर घर से बाहर रखने की बात भी कही है। बाकरगंज पुलिस चौकी स्थित तिकोनिया मस्जिद के पास रहने वाले 45 वर्षीय एजाज हुसैन तीन दिन पहले दिल्ली से बरेली आए थे। रविवार दोपहर वह अपने कमरे में गए और पंखे के कुंडे से चुन्नी बांधकर फंदे से लटक गए। जब तक लोग दौड़कर पहुंचे, उनकी सांसें थम चुकी थीं। एजाज का परिवार दिल्ली के सीलमपुर में रहता है। उनके परिवार में पत्नी मैनाज और तीन बेटे इंतयाज, दानिश और सुभान हैं। इंतयाज और दानिश दोनों नौकरी करते हैं। वहीं एजाज दिल्ली में सिलाई का काम करते थे। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को दो मोबाइल मिले हैं। एक में इस घटना से जुड़ा वीडियो रिकॉर्ड किया गया है, जिसमें एजाज ने पत्नी मैनाज पर अपने मामा जावेद के साथ संबंध होने का आरोप लगाया। साथ ही बेटे दानिश पर घर का ताला लगाकर उन्हें घर के बाहर रखने का आरोप भी लगाया। इस घटना को लेकर पुलिस और फील्ड यूनिट मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। किला थाना प्रभारी सुरेश गौतम ने बताया है कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है, उनके बरेली पहुंचने के बाद उनसे पूछताछ की जाएगी।

# स्वच्छता जागरूकता अभियान के तीसरे चरण की पुन: शुरूवात 29 जून से

**वेलकम इंडिया**



**गोवर्धन।** बाबा कढेरा सिंह विद्या मंदिर के सौजन्य से सफाई अभियान के तीसरे चरण की शुरूआत दिनांक 10 अगस्त को की गई, अभियान की शुरूवात, विद्यालय चेयरमैन सुरेश सिंह एवं प्रबंधक प्रह्लाद सिंह, वीरपाल प्रधान सिंह, केदार भगत, कृष्णा कुंतल के द्वारा की गई।

विद्यालय चेयरमैन सुरेश सिंह ने कहा कि श्री गोवर्धन पर्वत को पृथ्वी के सर्वाधिक पवित्र स्थानो में से एक माना जाता है।मूल रुप से गिरिराज श्रीकृष्ण के सीने अथवा हृदय से गोलोक में अवतरित हुए थे। प्रकाश के स्वरुप में दिव्य प्रेम पृथ्वी पर गिरा और वह एक विशालकाय पर्वत का आकार ग्रहण करने लगा, जिसे श्री ठाकुरजी एवं राधाजी का आशीर्वाद प्राप्त था। यह श्री राधाकृष्ण की अनेक लीलाओं से जुड़ा हुआ है और आज भी व्रज क्षेत्र में आने वाले सभी लोगों के लिए इस पवित्र स्थान की परिक्रमा बहुत महत्वपूर्ण होती है बाबा कढेरा आवासीय विद्यालय प्रबंधक प्रह्लाद सिंह, ने कहा कि गोवर्धन एक आस्था ० विश्वास का प्रतीक है यहाँ देश झ विदेश के गिर्राज भक्तजन काफी संख्या में परिक्रमा ० दर्शन के लिए आते है गुरुपूर्णिमा में लाखो की संख्या होती है गिर्राज की तलहटी गोवर्धन स्वच्छता की बहुत समस्याएं रहती है, वैसे स्वच्छता के प्रति शासन झ प्रशासन, स्थानीय जन प्रतिनिधि लगातार काम करते रहे है परन्तु क्षेत्र बड़ा होने के कारण समस्या रहती है क दिनांक 10 अगस्त को 48 लोगों के साथ 37 झाड़ू लेकर परिक्रमा मार्ग खम्बा नंबर 170 से खम्बा नंबर 200 तक की सफाई की गई। सफाई अभियान कार्यक्रम में चेयरमैन सुरेश सिंह, प्रबंधक प्रह्लाद सिंह, पंकज चौधरी देव चौधरी डॉ. अशोक, बीरपाल प्रधान, रामबाबू मुकेश राघव, उप प्राचार्य रामबाबू, केदार भगत जी, कृष्णा कुंतल, दाऊजी पंडित, हरिओम सिंह, उधम, हरिराम, मनोज, बेदप्रकाश, जगदीश, महेश, भोला पंडित, ऋषि पंडित, बच्चू, हाकिम चौधरी, आदि शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पेंशनर्स के लिए अहम निर्णय

**वेलकम इंडिया**




**धौलपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुलभ एवं सुचारू संचालन के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। इस दिशा में राज्य सरकार ने राजस्थान राज्य पेंशनर्स चिकित्सा रियायती योजना-2021 में संशोधन किया है। वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार पेंशनर्स के लिए आरजीएचएस योजना के अन्तर्गत वर्तमान में आउटडोर चिकित्सा सुविधा में दवाइयों के लिए निर्धारित 50 हजार रुपए प्रतिवर्ष एवं जांचों के लिए 5 हजार रुपए की निर्धारित सीमा में वृद्धि के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं उसके अधीन राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेन्सी को शक्तियां प्रदान की गई हैं। इसके तहत ओपीडी दवाइयों के लिए निर्धारित सीमा में 2 लाख रुपए तक के विस्तार के लिए राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के अतिरिक्त सीईओ या संयुक्त सीईओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अधिकृत), 2 लाख से 7 लाख रुपए तक के लिए राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को प्राधिकृत किया गया है। वहीं 7 लाख रुपए से अधिक के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग (प्रशासनिक विभाग) को प्राधिकृत किया गया है। इसी तरह चिकित्सा जांचों के लिए निर्धारित 5 हजार रुपए की सीमा को बढ़ाने के लिए राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्राधिकृत है। उल्लेखनीय है कि निर्धारित सीमा राशि में वृद्धि के लिए पहले यह शक्तियां वित्त विभाग के अधीन थी। जिन्हें अब चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया गया है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से पेंशनर्स को अपने मेडिकल जरूरतों के मामले में ओपीडी दवाइयों एवं चिकित्सा जांचों की सीमा राशि में शिथिलता प्राप्त करने के लिए अब आवेदन करना और सरल होगा। पेंशनर्स को इसके लिए आरजीएचएस पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

# जमीन पर कब्जा करने पहुंचे दबंग, विरोध करने पर महिला को बेरहमी से पीटा




**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र के हरूनगला गांव में दबंगों ने जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। जिसका विरोध करने पर महिला को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया गया। इस मारपीट में महिला का बायां पैर टूट गया। पीड़िता ने बारादरी थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार थाना बारादरी क्षेत्र के हरूनगला निवासी विन्देश्वरी पत्नी सतीश चन्द्र का आरोप है कि उनकी जमीन पर अरविन्द्र सिन्हा पुत्र रमेश चन्द्र सिन्हा, भूरा उर्फ संदीप पाठक पुत्र राजेश पाठक और तीन अज्ञात लोग कब्जा करने पहुंचे। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया तो अरविन्द्र सिन्हा और संदीप पाठक ने लात-घूंसों से महिला पर हमला कर दिया। मारपीट में उनका बायां पैर टूट गया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने बारादरी थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। बारादरी पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले को लेकर बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया है कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोट्र दर्ज की गई, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# घर से गुम हुए 7 वर्षीय मासूम वालक को चंद घंटों में ही किया दस्तयाव

**वेलकम इंडिया**



**धौलपुर राजस्थान।** पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेन्ज भरतपुर कैलाशचन्द्र विश्नोई भा.पु.से. व पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर विकास सांगवान भा.पु.से. के निर्देशन व मनोज शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर तथा राजेश शर्मा आरपीएस सीओ वृत्त मनिया के निकटतम सुपरवीजन में मन थानाधिकारी रामकिशन यादव पु.नि. के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा गुम हुए मासूम वालक लवकुश को चन्द घंटों में ही दस्तयाव कर उसके मां बाप से मिलाया। दिनाक 08.08.2025 की शाम को थाना पर सिंघावली कलां निवासी लाखनसिहं ठाकुर ने थाना पर उपस्थित होकर सूचना दी कि मेरा 7 वर्षीय बेटा लवकुश शाम को घर से चला गया है जो वापिस नहीं आया जिसके पास मोवाइल भी है। मासूम वालक के घर से गायब हो जाने जैसी घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए मन थानाधिकारी रामकिशन यादव पु.नि. द्वारा चार टीम गठित कर थाना से गांव सिंघावली कलां रवाना की गई। जिसमें से एक टीम कल्लूसिहं एचसी के नेतृत्व में गठित की गई जिसने गांव सिघावली कलां में प्रत्येक घरों में गांव में खड़े ट्रैक्टर ट्रालियों व अन्य वाहनों व गांव में खाली जगहों व पशु वाडों में जाकर वालक को तलाश किया गया व दूसरी टीम ने गांव के आसपास झाडियों कुआं वावरी व भट्टे के आसपास वाली जगहों पर सरगमी से तलाश किया गया व तीसरी टीम ने गांव के आस पास खेतों में गुम वालक को सरगमी से तलाश किया। बालक के पास जो मोवाइल था उसकी लोकेशन ली गई लेकिन लोकेशन उचित श्रेणी की नहीं होने पर पुलिस टीम वालक तक नहीं पहुंच पा रही थीं। मासूम वालक के गुम होने पर वालक के मातापिता का रो रोकर बुरा हाल हो रहा था जिनको समझाइश की गई। वालक के पास जो मोवाइल था उस पर सैकडों वार फोन किये गये लेकिन उक्त फोन को वालक रिसीव नहीं कर पा रहा था। मन थानाधिकारी रामकिशन यादव पु.नि. के नेतृत्व में गठित की गई पुलिस टीमों के तत्परता व लग्नता से कार्य करने व टीमों के अथक प्रयासों से वालक लवकुश पुत्र लाखनसिहं जाति ठाकुर उम्र 7 साल निवासी सिंघावली कलां थाना राजाखेडा को गांव से ही कटर मशीन के नीचे से मोवाइल चलाता हुआ दस्तयाव किया जाकर सकुशल मासूम वालक के माता पिता को सुपुर्द किया गया।

# तीन का चालान पड़ोसी के साथ मारपीट



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा में दो दिन पूर्व घर में घुसकर पड़ोसी व्यक्ति के साथ मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा निवासी संजय जैन ने थाने पर तहरीर देकर बताया था कि विगत शनिवार को पीड़ित अपने परिवार सहित घर में बैठा हुआ था। आरोप है कि तभी रंजिश के चलते पड़ोसी वसीम व मतलूब पुत्रगण वह अपने परिवार के समीर के साथ मिलकर पीड़ित के घर में घुस आए। और तीनों आरोपियों ने एक राय होकर लाठी,डंडे एवं धारदार हथियारों से पीड़ित पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण करने के बाद आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी थी पुलिस ने अभियोग दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। रविवार को पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया।

# जन सूचना अधिकार एसोसिएशन ने सफलतापूर्वक 10 वर्ष किए पूरे : रूपेश आर्या

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर जन सूचना अधिकार एसोसिएशन सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को सुदृढ़ और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध एक समर्पित संगठन है। यह एसोसिएशन सामाजिक कार्यकर्ता एवं आरटीआई कार्यकताओं से संबंधित सभी मामलों के समाधान के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। जिसमें सूचना के अधिकारों के प्रति आमजन को जागृत करना ,प्रदर्शनियों, विचार गोष्ठियों ,पत्र -पत्रिकाओं के माध्यम से समाज की सभी वर्गों को सूचना के अधिकार के प्रति जागरूक करना। अध्यक्ष जन सूचना अधिकार एसोसिएशन ( पंजीकृत) द्वारा बताया गया है प्रशिक्षण, मार्गदर्शन, सहायता और सुरक्षा के पहलू शामिल हैं। जन सूचना अधिकार एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य शासन एवं प्रशासन की पारदर्शिता बढ़ाना। निःस्वार्थ भाव से समाज के शोषित ,पीड़ित लोगों के लिए न्याय पूर्वक कार्य करना ।जन साधारण का सामाजिक, नैतिक ,चारित्रिक व शैक्षिक विकास करना ।सामाजिक कार्यकर्ता एवं आईटीआई फळक कार्यकर्ता का दिशा निर्देशन करना और उनके प्रति होने वाली गंभीर घटनाओं एवं दुर्घटनाओं में नेटवर्किंग कार्य प्रणाली द्वारा सुरक्षा प्रदान करने में हर संभव प्रयास करना ।भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना और देश भर में आरटीआई कार्यकताओं प्रशिक्षित वर्ग तैयार करना। इसी को आगे बढ़ाते हुए, जन सूचना अधिकार एसोसिएशन न केवल सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रवर्तन पर ध्यान केंद्रित करता है, बल्कि इस कानून के तहत जनता को उनके अधिकारों के बारे में शिक्षित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पत्र- पत्रिकाओं ,कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और जागरूकता अभियानों के माध्यम से, संस्था का उद्देश्य शासन -प्रशासन को जनता के प्रति जवाबदेह बनाना एवं पारदर्शिता लाने के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरण प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त, एसोसिएशन उन आरटीआई कार्यकताओं के लिए एक सहायता प्रणाली प्रदान करता है, जिन्हें पारदर्शिता की दिशा में अक्सर चुनौतियों और खतरों का सामना करना पड़ता है। कानूनी सहायता, परामर्श और सुरक्षा उपाय संगठन द्वारा प्रदान की जाने वाली व्यापक सहायता व्यवस्था का हिस्सा हैं। ऐसा करके, यह एक ऐसा माहौल बनाने का प्रयास करता है जहाँ पारदर्शिता और जवाबदेही शासन व्यवस्था में गहराई से समाहित हो, जिससे खुलेपन और ईमानदारी की संस्कृति को बढ़ावा मिले। अपने अथक प्रयासों के माध्यम से, जन सूचना अधिकार एसोसिएशन सुविज्ञ और कुशल कार्यकताओं का एक मजबूत नेटवर्क बनाने की आकांक्षा रखता है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सूचना के अधिकार अधिनियम का प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकें।

# महानिदेशक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने 108 द्रुत बटालियन की व्यवस्थाओं का लिया जाएगा




**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

मेरठ के परतापुर वेदव्यास पुरी स्थित 108 द्रुत कार्य बल बटालियन का रविवार को आईपीएस ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह महानिदेशक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा भ्रमण किया गया भ्रमण के दौरान बटालियन की प्रशासनिक एवं परिचालनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया इसके उपरांत महानिदेशक द्वारा सैनिक सम्मेलन लिया गया जिसमें अधिकारी एवं अन्य जवान उपस्थित रहे सैनिक सम्मेलन के दौरान महानिदेशक द्वारा अधिकारियों अधीनस्थ अधिकारियों एवं अन्य जवानों के साथ संवाद किया गया तथा सभी को प्रोत्साहित करते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की उपलब्धियां को विस्तार पूर्वक बताया

# बाइक सवार पर घर के सामने हुड़दंग मचाने का आरोप

**वेलकम इंडिया**

**कांधला । संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव हुरमजपुर में बाइक सवार युवक ने दलित महिला के घर के सामने जमकर हुड़दंग मचाया। आरोप है कि महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने महिला को मारपीट कर घायल करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया ।पीड़ित महिला ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव हुरमजपुर निवासी दलित महिला तेजबीरी की पत्नी रामफल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गांव का ही अभिषेक पुत्र सुभाष शनिवार को बाइक पर सवार होकर पीड़िता के घर के बाहर पहुंचा और हुड़दंग मचाने लगा। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोप है कि आरोपी युवक ने पीड़िता के साथ गाली गलौज करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। पीड़िता किसी तरह जान बचाकर अपने घर पहुंची और दरवाजा बंद कर लिया। आरोप है कि दरवाजा बंद करने के बाद भी आरोपी युवक जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करता रहा, ओर पीड़िता के दरवाजे पर ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी युवक दबंग किस्म का युवक है और आए दिन गांव में झगड़ा फसाद करता रहता है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर मिली है। मामले की जांच पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंग ने कर दी मारपीट

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी रामकौर में एक युवक ने घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ कर दी। महिला के परिजनों ने विरोध किया तो आरोपी युवक ने दो भाईयों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ितों ने अपना डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी रामकौर निवासी युवक ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गांव का ही एक युवक शनिवार की शाम को पीड़ित के घर में घुस गया और पीड़ित के परिवार की एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने लगा।

# शव दिखते ही परिजनों में मचा कोहराम, गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी 28 वर्षीय युवक का शव कैराना कोतवाली क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित पीएसी कैंप के समीप सड़क किनारे पड़ा मिला शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया। घटना से जुड़े पुलिस के हाथ अहम सुराग लगे हैं। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी 28 वर्षीय असलम पुत्र आबिद लगभग 15 वर्षों से कस्बे के मयूर तिराहे स्थित बिरयानी की दुकान पर नौकरी करता था। रविवार की सवेरे असलम का शव कैराना कोतवाली क्षेत्र के कांधला मार्ग स्थित पीएसी कैंप के समीप पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी मिलने पर एसपी शामली रामसेवक गौतम सहित पुलिस बल पहुंचा और शव को कब्जे में लेकर जेब में मिले आधार कार्ड आईडी से शिनाख्त की मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया और सबुत एकत्रित किए। पुलिस ने फोरेंसिक जांच पूरी होने के बाद शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। एसपी शामली ने बताया कि गला चाकू से काटकर हत्या की गई है। रविवार दोपहर बाद शव पीएम से आने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक किया गया। पुलिस घटना से जुड़े कई पहलुओं पर जांच करते हुए कस्बे के कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है जल्द घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# थाना प्रभारी का पैदल गस्त, ग्रामीणों को किया जागरूक



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** नगर एवं क्षेत्र में चोरों की गैंग और ड्रोन का शोर मचा हुआ है ग्रामीण रातों को पहरा दे रहे हैं प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस बल के साथ नगर एवं क्षेत्र में पैदल गस्त किया और लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। लगभग 20 दिनों से नगर एवं क्षेत्र में चोरों की गैंग होने एवं ड्रोन कैमरे से चोरों द्वारा निगरानी करने का शोर मचा हुआ है। ग्रामीण अपनी सुरक्षा खुद कर रहे हैं और रातों को हाथों में लाठी डंडे लेकर पहरा दे रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने रविवार को नगर एवं क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पैदल गस्त किया और कहीं ग्रामीणों के साथ जनसंवाद भी किया। प्रभारी निरीक्षक ने ग्रामीणों को बताया कि ड्रोन के द्वारा किसी तरह की कोई भी निगरानी नहीं की जा रही है सरकार के द्वारा नदियों का विस्तार किया जा रहा है ड्रोन जैसी कोई भी चीज नहीं है केवल अफवाह है।

# यूरिया खाद की किल्लत से किसान त्रस्त

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** मौसम की बेवफाई झेल रहे किसानों को यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है खाद की अनुप लब्धता के कारण किसानों को चिंता सताने लगी है।

क्षेत्र के गांव दानूकुइयां, रूधौली, गंगौली आदि क्षेत्रों के किसान फुटकर दुकानों के आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। दानूकुइयां निवासी मुहम्मद तय्यब, फकीहुद्दीन, जलालुद्दीन, जमाल अहमद, आरिफ, असद अहमद, रूधौली निवासी मुहम्मद ईसा सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि यूरिया खाद की किल्लत है। यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। अगर किसी ने रखी भी है तो 350 ? प्रति बोरी में बेची जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग किये हैं।

# चित्रकला प्रतियोगिता में 300 प्रतिभागियों ने बिखेरे रंग, स्वतंत्रता और संस्कृति की झलक

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अग्रणी सामाजिक संस्था उत्थान फाउंडेशन एवं मोदी आइफा आर्ट गैलरी के संयुक्त तत्वावधान में गैलरी प्रांगण, मोदीनगर मे एक भव्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शहर एवं आसपास के विद्यालयों के लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतियोगिता को कक्षा के आधार पर चार समूहों में विभाजित किया गया। समूह ए (कक्षा 2-5), समूह बी (कक्षा 6-8), समूह सी (कक्षा 9-12) और समूह डी (कक्षा 12 से ऊपर) जिसमे हर प्रतिभागी को प्रतियोगिता के लिए दिये गए पांच विषय सैनिकों का जीवन, मेरे सपनों का भारत, भारत झ संस्कृति और विरासत की






भूमि, अनेकता में एकता और रंगों में मेरा भारत, मे से अपने चयनित विषय पर चित्र बनाना था। प्रतिभागियों ने अपने चित्रों में देशभक्ति, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, राष्ट्र-निर्माण और सांस्कृतिक विरासत के भावों को रंगों के माध्यम से जीवंत किया। कागज पर उतरे रंगीन विचार और रचनाएँ दर्शकों के लिए भी प्रेरणादायक रहीं। उत्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष सी.ए. राहुल जैन ने बताया की निर्णायक मंडल में कला जगत और मोदीनगर शहर की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल थीं जिसमे डॉ संदीप कंसल, शलभ गुप्ता, सुनील भार्गव, ऋतु अग्रवाल, गीता ढींगरा, सोनिया गर्ग, विनय सहारन,रुचि गुप्ता, गौरव जैन, रश्मि मलिक,सुशांत ढींगरा, रुचि विद्यार्थी, दीपांशु, स्वीटी और शीतल रहे। निर्णायकों ने सैकड़ों चित्रों का सूक्ष्म मूल्यांकन कर प्रत्येक समूह में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के विजेताओं का चयन किया। सभी विजेताओं को स्मृति-चिन्ह दोनों संस्थाओं द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस के आगामी कार्यक्रम मे प्रदान किये जाएंगे, जबकि आज सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।आइफा के मैनेजर डॉ संघर्ष शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, ह्लऐसे आयोजन बच्चों की रचनात्मकता और सोच को नई दिशा देते हैं, साथ ही उन्हें देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं।विशेष अतिथि सतीश अग्रवाल ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की कला में भविष्य का भारत दिखता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सोनिका जैन (संस्थापक सचिव, उत्थान फाउंडेशन) ने किया। आयोजन को सफल बनाने में अमित बंसल, प्रदीप बोस, अनुपम माहेश्वरी, निरु भार्गव, भोतेन्द्र कुमार, डॉ रुचि विद्यार्थी, कामाक्षी माहेश्वरी, निशु, कविता गुप्ता, ज्योति रानी, प्रीति शर्मा, प्रशांत झा, प्रज्ञा गुप्ता, ऋतु कपूर, सिद्धार्थ, अंश कुमार एवं दोनों संस्थाओं के सभी पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

# सरदार पटेल विचार समिति की नई प्रबंध कार्यकारिणी का गठन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** सरदार पटेल विचार समिति (रजि) की एक आम सभा की बैठक राजेश पायलट स्मृति स्थल एवं पुस्तकालय पर आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य जगमाल सिंह ने तथा संचालन तिलक राज अधाना ने किया। सभा में पिछली सभाओं में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई तथा सर्वसम्मति से नई प्रबंध कार्यकारिणी का गठन किया गया। विकल सिंह, अध्यक्ष, राजकुमार चंदेला उपाध्यक्ष, तेजपाल सिंह पौषवाल, उपाध्यक्ष, प्रधान राहुल चंदेला, सचिव, ब्रिजपाल जैनर, कोषाध्यक्ष, देवव्रत धामा, उप कोषाध्यक्ष तथा मेहराम चंदेला, सूबे सिंह नगर, कुलदीप अधाना, अक्षय बैंसला, नितिन पोसवाल, यशपाल खारी सदस्य पद पर चुने गए। समाज में एकता एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए संरक्षक मंडल में से एक ग्यारह सदस्यीय उपसमिति का चयन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से प्रधान धर्मपाल खटाना, विनोद बैंसला, प्रधान अमरपाल, जिला पंचायत सदस्य, प्रधान राजाराम, हरबीर सिंह, मुकेश अधाना, महावीर सिंह, बिशन सिंह महाशय बिजेंद्र चंदेला, सोनू चपराना, अक्षय बैंसला शामिल हैं। भवन निर्माण में सहयोग के मनोज पायला, कटार सिंह अधाना, प्रताप सिंह भाटी हृदय से आभार व्यक्त किया गया। सभा में डॉ बबली गुर्जर पूर्व जिला पंचायत सदस्य, अमरपाल प्रधान, जिला पंचायत सदस्य, कटार सिंह, पूर्व अध्यक्ष, सरदार पटेल विचार समिति, राहुल गुर्जर, अक्षय, पूर्व अध्यक्ष कटार सिंह, तेजपाल पोसवाल आदि ने अपने विचार रखे। सभा में ऋषिपाल सरोहा, बलबीर भड़ाना, सतपाल सिंह, करतार सिंह विधूड़ी, परस राम पायल, सुंदर चंदेला, चाहत सिंह, महेंद्र पाल सिंह, नरेश नागर सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# अवैध स्कूलों पर शिकंजा कसने की तैयारी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद में बगैर मान्यता और नियमों का पालन किए चल रहे स्कूलों पर अब शासन ने सख्ती का रुख अख्तियार कर लिया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग को 15 अगस्त तक जिले के सभी अवैध और मानकों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों की पूरी रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजनी होगी। इस आदेश के बाद विभाग में हलचल तेज हो गई है और सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने ब्लॉकों में निरीक्षण कर आठ दिन के भीतर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। शासन ने पहले भी 22 जुलाई तक यह रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन जिला माध्यमिक शिक्षा विभाग की सुस्ती के कारण अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई। यही नहीं, दो महीने पहले शासन के आदेश पर जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और सभी खंड शिक्षा अधिकारियों की जांच समिति गठित की गई थी, लेकिन समिति अब तक अवैध स्कूलों की सूची भी तैयार नहीं कर पाई है और न ही किसी संस्थान का निरीक्षण किया गया है। शासन ने साफ कर दिया है कि रिपोर्ट आने के बाद न केवल ऐसे सभी स्कूलों को तत्काल बंद कराया जाएगा, बल्कि डमी स्कूलों पर भी शिकंजा कसा जाएगा। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, जिले में बड़ी संख्या में ऐसे स्कूल और कोचिंग सेंटर चल रहे हैं जिनके पास मान्यता नहीं है, फिर भी वे वर्षों से नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए संचालन कर रहे हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा का कहना है कि अभी किसी संस्थान की शिकायत नहीं मिली है, लेकिन अब हर ब्लॉक का निरीक्षण कर अवैध स्कूलों की सूची तैयार की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# संगठन सर्जन अभियान के अंतर्गत कांग्रेस कार्यकर्ता की हुई बैठक

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में संगठन सर्जन अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में ब्लॉक स्तर एवं नगर पंचायत स्तर पर मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति और मंडल कमेटी का गठन के साथ-साथ ग्राम अध्यक्ष एवं वार्ड अध्यक्ष की नियुक्ति और कमेटी के गठन पर विस्तार से बताया। जिला सचिव एवं ब्लॉक भोजपुर प्रभारी दिनेश कुमार के कार्यालय पर बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने ब्लॉक अध्यक्षों एवं नगर पंचायत अध्यक्षों को निर्देशित किया कि मंडल कमेटी, ग्राम कमेटी, वार्ड कमेटी में सभी जाति एवं वर्ग के लोगों का समायोजन जरूरी है क्योंकि कांग्रेस पार्टी सभी की पार्टी है और हर वर्ग की समस्या का समाधान करना हमारा



कर्तव्य है। बैठक में जिला अध्यक्ष द्वारा सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह अपने-अपने प्रभार क्षेत्र में जाकर कांग्रेस पार्टी का प्रचार प्रसार करें एवं संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी ताकत लगा दे और क्षेत्र के जनता की कोई भी समस्या हो उसमें कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता उस समस्या के समाधान के लिए प्रयास करें। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी आशीष शर्मा, गौतम बुध नगर कोऑर्डिनेटर जोगेश नेहरा, भुवनेश्वर प्रसाद भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष नीरज प्रजापति, जिला महासचिव नंदकिशोर शर्मा, तरुण शर्मा, डॉ. ताहिर तोमर, शादाब इलाही जिला सचिव अयूब कुरैशी, नाथू प्रधान, दिनेश कुमार, विश्व दीप त्यागी, रुपेश त्यागी, फरीदनगर नगर अध्यक्ष नईम खान, भोजपुर ब्लॉक अध्यक्ष भीष्म सिंह दुहन, ब्लॉक मुरादनगर के अध्यक्ष नईम त्यागी, ब्लॉक भोजपुर उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली, आरिफ रिजवी, विशाल कौशिक , कौमी तंजीम के जिला अध्यक्ष नईमुद्दीन रहमान आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गेट पर कार खड़ी करने के विवाद ने ली हिंसक शक्ल, घर में घुसकर हमला

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक मामूली सा विवाद खून-खराबे में बदल गया। गेट के सामने कार खड़ी करने से मना करना पड़ोसी को इतना नागवार गुजरा कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर पड़ोसी के घर पर धावा बोल दिया। लाठी-डंडों से हुई पिटाई में तीन लोग घायल हो गए, जबकि हमलावर जेब से नकदी तक निकाल ले गए। सरस्वती विहार कॉलोनी निवासी हरी शंकर के अनुसार, उनका पड़ोसी मुकेश आए दिन उनके गेट के सामने कार खड़ी करता था। मना करने पर वह धौंस जमाते हुए धमकाने लगता था। शनिवार रात करीब दस बजे शिकायत पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने मुकेश को चालान की चेतावनी दी और लौट गए। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस के जाते ही मुकेश ने आकाश और अन्य साथियों को बुला लिया। सभी ने मिलकर घर में घुसकर हरी शंकर, उनके भाई दयाशंकर और भतीजे दिव्यांश की बेरहमी से पिटाई की। इस दौरान उनकी जेब से 3,000 रुपये नकद भी छीन लिए गए। शोर सुनकर आसपास के लोग जुटे तो हमलावर मौके से भाग निकले। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर 16 लोगों के खिलाफ मारपीट, घर में घुसने और लूटपाट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने मुख्य आरोपी मुकेश और आकाश को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि बाकी की तलाश जारी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह इलाका आए दिन ऐसे विवादों से थरार्या रहता है, इसलिए गश्त और सख्त कार्रवाई बेहद जरूरी है।

# महापौर ने रंगे हाथ पकड़ी गंदगी फैलाने वाली

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नगर निगम लगातार प्रयास कर रहा है, लेकिन कुछ लोग लापरवाही से बाज नहीं आ रहे। रविवार सुबह करीब 6:30 बजे विजय नगर के वार्ड 58 शिवपुरी इलाके में महापौर सुनीता दयाल ने स्वच्छता को लेकर सख्ती का बड़ा उदाहरण पेश किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने देखा कि एक महिला कूड़े से भरा डस्टबिन लेकर नाले की ओर जा रही है। उन्होंने तुरंत गाड़ी रुकवाई और महिला से पूछा कि क्या यहां कूड़ा उठाने वाली गाड़ी नहीं आती। महिला ने जवाब दिया कि गाड़ी आती है, लेकिन काम पर जाने की जल्दी में वह नाले में कूड़ा डाल देती है। इस पर महापौर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि काम पर जाने की जल्दी शहर को गंदा करने का बहाना नहीं हो सकती। कूड़ा गाड़ी आने तक डस्टबिन घर के बाहर रख दें या पैक करके एक तरफ रख दें, लेकिन नाले में न डालें। नालों



में डाला जाने वाला कूड़ा और गोबर उन्हें भर देता है, जिससे बारिश के समय जलभराव की स्थिति पैदा होती है। निरीक्षण के दौरान महापौर ने यह भी देखा कि नाले की दीवारों पर गोबर लगा हुआ है, जिससे साफ जाहिर है कि आसपास के लोग गोबर भी नालों में डाल रहे हैं। उन्होंने मौके पर ही आसपास के लोगों से बात की और चेतावनी दी कि आगे से नाले में कूड़ा या गोबर डालने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। महापौर ने कहा कि शहर को साफ रखना सिर्फ नगर निगम का काम नहीं है, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। नगर निगम सफाई के लिए रोजाना घर-घर कूड़ा उठाने की व्यवस्था करता है और इस पर लाखों रुपये खर्च करता है, लेकिन अगर लोग सहयोग नहीं करेंगे तो किसी भी प्रयास का असर अधूरा रह जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी व्यक्ति नाले में कूड़ा डालते पकड़ा जाए, उस पर तत्काल जुमार्ना लगाया जाए। इसके अलावा, शहर में जागरूकता बढ़ाने के लिए पोस्टर, लाउडस्पीकर और सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान चलाने के आदेश भी दिए।

# चोरी की सात बाइक समेत दो शातिर गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** थाना कविनगर पुलिस टीम ने रविवार को चोरी की वारदातों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, जबकि दो बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लिया है। इनके कब्जे से सात चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी न सिर्फ खुद चोरी करते थे बल्कि बाल अपचारियों से बाइक चोरी कराकर उन्हें सस्ते दामों में खरीदते और फिर ऊंचे दामों पर बेचते थे। घटना का खुलासा तब हुआ जब 1 अगस्त को उमेश कुमार और भीम सिंह ने अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट थाना कविनगर में दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर सीसीटीवी फुटेज, लोकल इनपुट और मुखबिर की मदद से आरोपियों को दबोच लिया। 10 अगस्त को पुलिस ने दो बाल अपचारियों को आरडीसी पुल के पास से पकड़ा, जबकि उमेश कुमार (21) निवासी दीनागढ़ी लोहियानगर और गुफरान (24) निवासी पक्की सराय, डासना गेट को विवेकानंद नगर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में बाल अपचारियों ने खुलासा किया कि वे कई बार मोटरसाइकिल चोरी कर उमेश और गुफरान को बेचते थे। दोनों आरोपी इन चोरी की बाइकों को ऊंची कीमत पर बेचकर रकम का आपस में बंटवारा कर लेते थे।

# लेखनी बनेगी राष्ट्र निर्माण की धुरी, पंच परिवर्तन पर लेखन से समाज में आएगा जागरण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है, और इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाने के लिए देशभर में विशेष कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को मेरठ प्रांत के 100 से अधिक वरिष्ठ एवं नवोदित लेखकों की एक विशेष लेखन कार्यशाला का आयोजन मोहन नगर स्थित मॉडर्न कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में हुआ, जिसमें लेखनी को राष्ट्र निर्माण का सशक्त हथियार बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में प्रख्यात समाजशास्त्री डॉ. विशेष गुप्ता ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में लेखकों की भूमिका निर्णायक होगी, क्योंकि लेखक ही विचारों को समाज की मुख्यधारा तक पहुंचाते हैं। उन्होंने नैरेटिव का मायाजाल पुस्तक का उदाहरण देते हुए बताया कि सही विमर्श का समाज में पहुंचना अत्यंत आवश्यक है। क्षेत्र प्रचार प्रमुख पदम सिंह ने कहा कि 1925 से लेकर आज तक संघ ने समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को ढाला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ का कार्य बुराइयों की चर्चा करना नहीं, बल्कि अच्छाइयों का विकास और बुराइयों का समूल नाश करना है। उन्होंने लेखकों को चेताया कि आज का संघर्ष वैचारिक धरातल पर है और राष्ट्र-विरोधी तत्वों का मुकाबला करने में लेखकों की अग्रिम पंक्ति की भूमिका है। भारतीय जनसंचार संस्थान के प्रो. प्रमोद कुमार सैनी ने कहा कि लेखन का उद्देश्य केवल रचना नहीं, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देना है। उन्होंने नई पीढ़ी में मूल्यों के हस्तांतरण, सकारात्मक उदाहरणों के प्रचार और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सक्रिय रहने पर जोर दिया।

# केईवाए पीएचएआरएमए: आयुर्वेदिक चिकित्सा में एक नया अध्याय

वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली /ब्यूरो चीफ।** आयुर्वेद, जो हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति का एक अमूल्य हिस्सा है, आज के आधुनिक युग में भी अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए है। केईवाए पीएचएआरएमए जैसी कंपनियां इस प्राचीन ज्ञान को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर एक नई दिशा दे रही हैं। यह कंपनी आयुर्वेदिक औषधियों के निर्माण में न केवल गुणवत्ता की कसौटी पर खरी उतरती है, बल्कि यह सुनिश्चित करती है कि हर उत्पाद शुद्धता के उच्चतम मानकों पर तैयार हो। केईवाए पीएचएआरएमए की शुरूआत एक साधारण विचार से हुई थी - आयुर्वेदिक औषधियों को एक नई पहचान दिलाना और लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना। आज, यह कंपनी 50 से अधिक पेटेंट आयुर्वेदिक औषधियों का निर्माण करती है, जो विभिन्न रोगों के उपचार में प्रभावी सिद्ध हो रही हैं। इन औषधियों का निर्माण प्राचीन आयुर्वेदिक विधियों के साथ-साथ आधुनिक वैज्ञानिक शोध और तकनीक का भी उपयोग करता है। आयुर्वेदिक चिकित्सा की इस यात्रा में, केईवाए पीएचएआरएमए ने अपने उत्पादों की गुणवत्ता और प्रभावशीलता के लिए एक मजबूत प्रतिष्ठा बनाई है। कंपनी का लक्ष्य है कि वे अपनी दवाइयों के माध्यम से लोगों को प्राकृतिक और सुरक्षित उपचार प्रदान करें। केईवाए पीएचएआरएमए के उत्पादों की विशेषता यह है कि यह सभी उत्पाद प्राचीन आयुर्वेदिक विधियों से तैयार किए जाते हैं। इन विधियों में औषधियों की शुद्धता और उनकी प्रभावशीलता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इसके अलावा, कंपनी की टीम में अनुभवी आयुर्वेदिक डॉक्टर शामिल हैं, जो औषधि निर्माण की प्रक्रिया में अपनी विशेषज्ञता का योगदान देते हैं। आज के इस वैश्विक युग में, जहां स्वास्थ्य और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है, डए ढँ१ें ने न केवल भारत में, बल्कि विदेशों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। विदेशों में भी भारतीय आयुर्वेदिक औषधियों की मांग में वृद्धि हो रही है। केईवाए पीएचएआरएमए ने इस बढ़ती मांग को देखते हुए, अपनी दवाइयों की गुणवत्ता और प्रभावशीलता को वैश्विक स्तर पर सुनिश्चित किया है। केईवाए पीएचएआरएमए की वेबसाइट पर आप उनके उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वेबसाइट पर आप हर उत्पाद की गुणवत्ता, उपयोग, और उसकी विशेषता के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं। इस प्रकार, केईवाए पीएचएआरएमए ने आयुर्वेदिक चिकित्सा को एक नई ऊचाई पर पहुँचाया है और अपने उत्पादों के माध्यम से लाखों लोगों के जीवन में सुधार किया है।



# आठवीं बटालिएन एनडीआरएफ गोविंदपुरम मे राखी पर्व बड़े मनाया

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद**। रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर आठवीं बटालिएन एनडीआरएफ गोविंदपुरम मे राखी पर्व बड़े हर्षल्लास व उत्साह से मनाया गया जिसमे हर साल की तरह स्पर्श स्पेशल स्कूल गाज़ियाबाद के बच्चो ने भाग लिया। अपने हाथों से बनाई राखी देश के संरक्षकों के हाथों पर बांध कर पर्व को और खास बनाया ये स्पर्श स्कूल के लिए गर्व की बात है। स्कूल की संस्थापिका शैफाली गुप्ता ने बताया कि बच्चो को हर साल राखी पर जरूर ले जाया जाता है जिससे कि बच्चो को देश के सेवको से मिलने का अवसर मिले और राखी का महत्व भी पता चले। सभी जवानो के हाथों मे राखी बांध कर बच्चो ने जवानो के प्रति अपना स्नेह और सम्मान वयक्त किया। बच्चो ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत करके अपना आभार प्रकट किया।ऐसा करके हम दिव्यांग बच्चों को ये अहसास कराने का प्रयतन करते है कि वो भी समाज का ही हिस्सा है। समारोह के बाद बटालियन परिसर मे बच्चो को टॉय ट्रेन पर घुमाया गया और बच्चो ने ज़िप लाइन, स्काय स्केटिंग जैसे रोमांचक गतिविधियों का आनंद लिया। ठऊफत्रः के कमांडेंट प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया की देश के अलग अलग हिस्सों से आये जवानअपने परिवार से दूर रहकर देश सेवा मे समर्पित हैं ऐसे में सभी त्योहार परिवार की तरह ही मनाये जाते है जिससे उन्हे परिवार से दूर होने का अहसास न हो । सभी ने जवानो को रक्षाबंधन की शुभकामनाये दी। बच्चो ने स्कूल परिसर मे भी राखी का त्योहार धूमधाम से मनाया। बच्चो ने खुद से ही बनाई राखी बांध कर और एक दूसरे को गिफ्ट देकर अपने साथियों को शुभकामनाये दी। स्कूल मे बच्चो को रक्षाबंधन क्यों मनाया जाता है ये भी बताया गया। स्पर्श स्कूल के सभी टीचर्स अपनी मेहनत और लगन से बच्चो को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयत्न करते हैं।

# धराली के सबक



रवि अरोड़ा

> क्या यही वह समय नहीं कि हम अपनी धार्मिकता की सही सही पहचान करें और यूं ही किसी के आह्वान पर मुंह उठा कर असुरक्षित धार्मिक यात्रा पर न निकलें ? सरकारें भी अपना वोट बैंक बढ़ाने के चक्कर में लोगों की जान और प्रकृति से यूं न खेलें कि मौत को अपना तांडव करने का बैठे बिठाए मौका मिल जाए । धराली की घटना से भी यदि कोई सबक नहीं लिया गया तो यकीनन किसी दिन कुछ ऐसा भयावह घटित हो जाएगा, जिसकी अभी तक कल्पना भी नहीं की गई है ।

उत्तराखंड मेरे लिए दूसरे घर जैसा है और आए दिन मैं वहां पहुंचा रहता हूं। विगत पांच अगस्त को गंगोत्री जाने वाले जिस राजमार्ग संख्या 34 स्थित गांव धराली में आपदा आई, मैं भी उसी राज मार्ग पर टिहरी के निकट ठहरा हुआ था । हालांकि मेरे होटल से धराली काफी दूर था मगर हादसे के खौफ ने मुझे हिला दिया । राज्य के अधिकांश इलाकों में लगातार दो दिन से बरसात हो रही थी और जगह जगह पहाड़ से मलबा और पत्थर सड़कों पर गिर रहे थे । धराली में तो मलबे और पानी का सैलाब महज कुछ ही मिनटों में मार्केट, घर, होटल और मंदिर तक को अपने साथ बहा ले गया ।यह सब कुछ इतनी तेजी से हुआ कि लोगों के पास बचने का कोई जरिया ही नहीं बचा था । हादसे में मरने वालों और लापता लोगों की सही सही जानकारी तो खैर कभी बाहर नहीं आएगी मगर इतना तय है कि नुकसान बहुत बड़ा है।

मारे गए अथवा लापता लोग गंगोत्री धाम यात्रा हेतु वहां पर आए थे। खबरें बता रही हैं कि चार धाम यात्रा में इस साल हादसों की जैसे बाढ़ सी ही आ गई है और गैर सरकारी सूत्रों के अनुसार अब तक दो सौ से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। क्या ऐसे में इस बात की पड़ताल नहीं होनी चाहिए कि इन मौतों का असली कारण क्या है ? क्या पर्यावरणविदों की वे तमाम आशंकाएं सही साबित नहीं हुईं कि बेतहाशा सड़कों और अन्य कथित विकास परियोजनाओं का बोझ हिमालय झेल नहीं पायेगा और ऐसा करके हम विनाश को ही दावत देंगे ? आंकड़ों पर निगाह डालें तो उत्तराखंड में 2018 से अब तक भूस्खलन की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है । वर्ष 2018 में 216, वर्ष 2019 में 254, वर्ष 2020 में वर्ष 328, वर्ष 2021 में 354, वर्ष 2022 में 245 और वर्ष 2023 में 1,100 से अधिक भूस्खलन की घटनाएं दर्ज हुईं । वर्ष 2024 में मानसून शुरू होने के बाद मात्र 17 दिनों में 1,521 भूस्खलन दर्ज किए गए। वर्तमान वर्ष के आंकड़े अभी प्रकाश में नहीं आए हैं। उधर , गौर करने लायक आंकड़ा यह भी है कि साल 2020 में लगभग 3.5 लाख तीर्थयात्री राज्य में पहुंचे थे । साल 2021 में लगभग 7.5 लाख, साल 2022 में लगभग 46 लाख, साल 2023 में कुल 56.13 लाख, साल 2024 में 48.11 लाख तीर्थयात्री चार धाम और हेमकुंड साहिब की यात्रा पर आए थे ।साल 2025 के लिए पूर्ण आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं हैं, क्योंकि यात्रा अभी चल रही है ।इस वृद्धि का प्रमुख कारण तीर्थ यात्रियों को आकर्षित करने के लिए बनाई गई ऑल वेदर रोड और अन्य विकास कार्यों को ही माना जाता है। वर्ष 2018 से राज्य में निर्माण कार्य तेज हुए और उसके तहत 889 किमी सड़कों का चौड़ीकरण किया गया। माना जाता है कि सड़क चौड़ीकरण से भूस्खलन की घनत्व दोगुनी हो जाती है, क्योंकि पहाड़ों की कटाई और वनस्पति हटाने से ढलानों की अस्थिरता बढ़ जाती है। पर्यावरणविदों का स्पष्ट कहना है कि अनैज्ञानिक निर्माण और पर्यावरण नियमों की अनदेखी से ही ये घटनाएं बढ़ी हैं। उदाहरण के लिए, 2022 में चार धाम मार्गों पर 811 भूस्खलन हुए, जिनमें 81 फीसदी सड़क चौड़ीकरण वाले क्षेत्रों में थे। यह दुर्भाग्य पूर्ण ही है कि अनेक राज्यों और केंद्र सरकार धार्मिकता के दिखावे का ऐसा प्रोपेगेंडा करने में लगी हुई हैं कि लोगबाग तीर्थ स्थलों की ओर यूं दौड़े चले जाते हैं, जैसे वह कोई पिकनिक हो। नतीजा कभी कुंभ, कभी कांवड़, कभी अमरनाथ तो कभी चार धाम यात्रा में अपने प्राण गंवा बैठते हैं। धर्म लाभ के नाम पर सड़क दुर्घटना और भगदड़ में जान गंवाने वालों की गिनती भी हैरान कर देने वाली है।

# गाजियाबाद में साइबर क्राइम पर सख्त शिकंजा कसने की तैयारी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। बढ़ते ऑनलाइन लेन-देन और डिजिटल गतिविधियों के साथ-साथ साइबर अपराध के मामलों में भी लगातार इजाफा हो रहा है। गाजियाबाद में जुलाई तक साइबर फ्रॉड की 11,000 से अधिक शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। इस चुनौती का सामना करने और अपराधियों पर तेजी से शिकंजा कसने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस के निदेर्शानुसार कमिश्नरेट गाजियाबाद ने रविवार को साइबर क्राइम थाने और सभी थानों की साइबर सेल के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। पुलिस लाइन्स में आयोजित इस कार्यशाला में अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) पीयूष सिंह, थाना प्रभारी साइबर क्राइम और सभी साइबर सेल कर्मी मौजूद रहे। प्रशिक्षण का संचालन नेशनल साइबर क्राइम ट्रेनिंग सेंटर के तहत किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन रिस्पांडर ट्रेकर कोर्स के माध्यम से यह सिखाया गया कि साइबर फ्रॉड की शिकायत मिलने पर पुलिस किस प्रकार चरणबद्ध और वैज्ञानिक तरीके से कार्रवाई करे। पहले 5 लाख रुपये तक के साइबर फ्रॉड के मामले स्थानीय थानों में और 5 लाख रुपये से अधिक के मामले साइबर क्राइम थाने में दर्ज होते थे।

> निकट भविष्य में और निरीक्षक एवं आरक्षियों की तैनाती होगी, ताकि मामलों का त्वरित निस्तारण और समयबद्ध विवेचना सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही साइबर थाने के तकनीकी और भौतिक संसाधनों में भी तेजी से वृद्धि की जा रही है। अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) पीयूष सिंह ने कहा कि साइबर अपराध आज सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। हमारा लक्ष्य है कि शिकायत दर्ज होते ही तत्काल कार्रवाई की जाए और पीड़ित को जल्द से जल्द राहत मिले। प्रशिक्षण, मानव संसाधन और तकनीकी क्षमता में बढ़ोतरी के साथ हम साइबर अपराधियों पर और अधिक प्रभावी तरीके से शिकंजा कसेंगे।

अब यह बाध्यता समाप्त कर दी गई है। पीड़ित अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी साइबर थाने या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करा सकता है। थाना साइबर क्राइम में वर्तमान में 5 निरीक्षक, 27 उपनिरीक्षक, 33 मुख्य आरक्षी/आरक्षी और 1 कंप्यूटर ऑपरेटर तैनात हैं। हाल ही में क्षमता बढ़ाने के लिए 21 नए उपनिरीक्षक की नियुक्ति की गई है।

# यज्ञोपवीत माता, पिता व गुरु ऋण से उऋण होने का संदेश देता है: ओमपाल शास्त्री



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। श्रावणी पर्व के पावन अवसर पर रविवार को केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के आह्वान पर आर्य समाज समर्पण शोध संस्थान, साहिबाबाद में वैदिक मंत्रों की गूंज और आस्था की लहरों के बीच सामवेद यज्ञ एवं यज्ञोपवीत संस्कार का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य ओमपाल शास्त्री ने वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ यज्ञ और उपनयन संस्कार सम्पन्न करवाया। मुख्य यज्ञमान श्रीमती शोभना भटनागर, रमेश भटनागर, सविता भटनागर और उमा भटनागर रहे, जिन्हें यज्ञोपरांत आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने दुर्व्यसन त्यागने और माता-पिता तथा गुरु का सम्मान करने का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता एवं केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य महेंद्र भाई ने कहा कि एक ईश्वर की पूजा और मन-वचन-कर्म में एकता से हम संगठित हो सकते हैं। सत्य बोलना हमारी सबसे बड़ी विश्वसनीयता है। उपनयन का अर्थ है, आचार्य की समीपता प्राप्त कर जीवन को ऊंचाई देना। उन्होंने कहा कि यज्ञोपवीत के तीन धागे न केवल आत्म-उन्नति बल्कि राष्ट्र के लिए योग्य संतति निर्माण के व्रत का प्रतीक हैं। हर भारतीय को यह संस्कार अपनाना चाहिए। वैदिक प्रवक्ता राकेश भटनागर ने स्वामी दीक्षानंद की पुस्तक 'उपनयन सर्वस्व का उल्लेख करते हुए बताया कि यज्ञोपवीत प्रजापति का सूत्र है और इसके त्रिसूत्र प्राण, वाणी और मन के माध्यम से साधक को ब्रह्मरंध्र में परमात्मा तक पहुंचाते हैं। भजनोपदेशक मास्टर विजेंद्र आर्य और योगी प्रवीण आर्य ने ईश्वर भक्ति के गीतों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आचार्य ओमपाल शास्त्री ने कहा कि यज्ञोपवीत हमारी प्राचीन आर्य संस्कृति का जीवंत प्रतीक है, जो हमें माता, पिता और गुरु के ऋण का स्मरण कराता है। कार्यक्रम में देवेन्द्र आर्य, के.के. यादव, डॉ. प्रमोद सक्सेना, ज्ञान प्रकाश गर्ग, शरद कुमार आर्य, सत्यवीर, सुरेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह आर्य, देववृत्त कुंडू, रामपाल चौहान सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। मंच संचालन मंत्री सुरेश आर्य ने किया, जिन्होंने 'दयानंद जीवन चरित्र पुस्तक का निःशुल्क वितरण भी किया। आचार्य वेद प्रकाश शास्त्री ने शांतिपाठ कराया और अल्पाहार वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# पुलिस लाइन्स में 132 पुलिसकर्मियों की आंखों की जांच

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। पुलिसकर्मियों की सेहत को लेकर गाजियाबाद कमिश्नरेट ने एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल की। पुलिस लाइन्स स्थित परमजीत हॉल में रविवार को नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कमिश्नरेट के सभी मुख्य आरक्षी और आरक्षी चालक शामिल हुए। इस विशेष शिविर का उद्देश्य पुलिसकर्मी वाहन चालकों की दृष्टि संबंधी समस्याओं का समय रहते पता लगाना और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान करना था, ताकि उनकी कार्यक्षमता और सड़क पर ड्यूटी के दौरान सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके। शिविर के दौरान माहौल पूरी तरह से पेशेवर और व्यवस्थित रहा। जिला संयुक्त चिकित्सालय गाजियाबाद से वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सूचिता सिंह और डॉ. अनिता सिंह, जबकि जिला एम.एम.जी. चिकित्सालय से डॉ. प्रताप सिंह, डॉ. नरेंद्र कुमार और डॉ. खोखर स्वाति ने पुलिसकर्मियों की आंखों की बारीकी से जांच की। कुल 132 पुलिसकर्मियों का परीक्षण किया गया, जिनमें से कुछ को आगे के उपचार और सावधानी बरतने के लिए विशेष परामर्श दिया गया। चिकित्सकों ने जांच के दौरान आधुनिक उपकरणों का उपयोग करते हुए दृष्टि क्षमता, आंखों की रोशनी, संक्रमण की स्थिति और अन्य नेत्र रोगों की पहचान की।

# साहिबाबाद में 11 पुलिस चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। ट्रांस हिंडन जोन में पुलिस व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से 11 पुलिस चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। शनिवार को डीसीपी निमिष पाटील ने नई सूची जारी करते हुए कहा कि यह फेरबदल क्षेत्रीय कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए किया गया है। नई तैनाती के अनुसार दरोगा इंद्रेश कुमार को टीला मोड़ कस्बा चौकी, प्रमोद कुमार शर्मा को फर्रुखनगर चौकी, शुभम यादव को रेलवे रोड चौकी, धर्मेंद्र कुमार को बृज विहार चौकी, मुकेश कुमार को करन गेट हल्का चौकी और कुलदीप कुमार को डीएलएफ हल्का चौकी का प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा महिला दरोगा अलका को अभयखंड चौकी, प्रह्लादगढ़ी चौकी का कार्यभार सौंपा गया है, जबकि मंगल सिंह को कनावनी चौकी, धर्मवीर सिंह को शनि चौक चौकी और विपिन कुमार को सिटी फारेस्ट चौकी का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# वैश्य एकता समिति परिचय सम्मेलन में 11 जोड़ों ने पाया जीवनसाथी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। वैश्य एकता समिति गाजियाबाद के बैनर तले रविवार को आयोजित 87वें मासिक परिचय सम्मेलन ने एक बार फिर समाज को जोडे की मिसाल पेश की। दुर्गा वाशिंग पाउडर परिसर, अंबेडकर रोड, कालकागढ़ी चौक में आयोजित इस सम्मेलन का आयोजन समिति अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता (चेयरमैन, दुर्गा वाशिंग पाउडर) के सौजन्य से हुआ। सम्मेलन में वैश्य समाज के साथ-साथ ब्राह्मण एवं अन्य वर्गों के विवाह योग्य युवक-युवतियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत में अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता ने सभी प्रत्याशियों, अभिभावकों, परिचयकताओं, समाजसेवियों और पत्रकारों का हार्दिक स्वागत करते हुए स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि सभी के सहयोग से यह सम्मेलन हर माह सफलतापूर्वक हो रहा है, जिसमें औसतन 55-60 नए पंजीकरण होते हैं और 14-15 रिश्ते तय हो जाते हैं। सम्मेलन के महासचिव व संयोजक अजय कुमार गोयल ने मंच से सभी प्रत्याशियों का परिवार सहित परिचय कराया।

# राजनगर में रामलीला महोत्सव हेतु हुआ भूमि पूजन एवं सुन्दरकाण्ड का पाठ





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद** । श्री रामलीला समिति राजनगर की ओर से रामलीला मंचन हेतु भूमि पूजन रविवार 10 अगस्त को किया गया, मुख्य अतिथि विजय कुमार गुप्ता (हरिराम इस्पात लोहा मंडी) एवं मुकेश कुमार गुप्ता (रॉडिक फार्मा लिमिटेड) ने भूमि पूजन कर हनुमान जी की ध्वजा फहराई। इससे पूर्व संस्था के सभी पदाधिकारियो, अतिथियों व सदस्यों ने हवन एवं पूजा में भाग लिया। इस मौके पर सुंदरकांड का पाठ भी किया गया जिसमें वीर हनुमान और राधा कृष्ण की झांकी प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात सभी ने मिलकर रामलीला महोत्सव के लिए भूमि पूजन किया। संस्थापक सदस्य एवं मुख्य संरक्षक जितेंद्र यादव, वार्ड सभासद प्रवीण चौधरी एवं अजय शर्मा की अध्यक्षता में भूमि पूजन कराया गया, इस मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान राम की महिमा अपरम पार है, भगवान हम सभी के आराध्य है इसलिए हर वर्ष रामलीला का मंचन किया जाता है, इस वर्ष भी राजनगर रामलीला हाईटेक और भव्यता से की जाएगी। कार्यक्रम के स्वागतअध्यक्ष और उद्योगपति योगेश गोयल (सुधा स्टील्स) द्वारा सभी का स्वागत किया गया इस मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष जयकुमार गुप्ता ने बताया कि आगामी 16 सितंबर से डांडिया नाइट से श्री रामलीला मेले का आरंभ हो जाएगा और 4 अक्टूबर को कवि सम्मेलन के साथ संपन्न होगा, समिति के महामंत्री सीए दीपक मित्तल ने बताया कि अतिथियों और दर्शकों के मंचन देखने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे है ताकि मंचन का पूरा आनंद सभी रामभक्त उठा सके। समिति के मेला प्रबंधक एस एन अग्रवाल ने बताया की गणेश शोभा यात्रा के लिए झांकियां, बैंड तथा मेले आदि के लिए सब दुकानों की ज्यादातर बुकिंग हो चुकी है। इस वर्ष रामलीला महोत्सव में सुरक्षा के लिए और भी कड़े इंतजाम किए जा रहे है। भूमि पूजन के दौरान समिति के कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, मुख्य संयोजक राकेश मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर एन पाण्डेय, सुभाष शर्मा, जी पी अग्रवाल, बृजमोहन सिंघल, मोती लाल गर्ग, सुंदर लाल यादव, राजीव मोहन, के पी गुप्ता उपाध्यक्ष महावीर बंसल, राधेश्याम सिंघल, दिनेश शर्मा, दीपक सिंघल, दीपक कांत गुप्ता सचिव मनीष वशिष्ठ, विकल्प कौशिक, संयुक्त कोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता, मुख्य सलाहकार अनिल कुमार (क्वालिटी स्टील्स), संगठन मंत्री मुकेश मित्तल एवं अमरीश कुमार त्यागी शर्मा, प्रचार मंत्री रेखा अग्रवाल, सौरभ गर्ग, सुनील दत्त मेला प्रबंधक विनोद गोयल, आलोक मित्तल, विजय लुंबा, विधि सलाहकार अमरपाल तेवतिया, सिमरन रंधावा संयोजक देवेंद्र गर्ग, डा आर के मित्तल, जितेंद्र रंधावा, ओम प्रकाश भोला, मदनलाल हरित, गोल्डी सहगल, बी के अग्रवाल, वीरेंद्र सारस्वत, पंकज भारद्वाज आदि समेत राजनगर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।